भूमिका

इस पुस्तक में संगृहीत आदर्श-निबन्ध उन बालकों के लिये उपयोगी हैं जो हिन्दी भाषा में निबन्ध लिखने की शक्ति सम्पादन करने की कामना रखते हैं। इस पुस्तक में निबन्ध लिखने की शैली के नियम बतलाये गये हैं, साथ ही हिन्दी के कतिपय प्रसिद्ध मासिक पत्रों से आदर्श निबन्ध चुन कर इस पुस्तक में पथ-प्रदर्शक स्वरूप संग्रह कर दिये गये हैं। अन्त में अभ्यास के लिये उपयोगी विषयों की नामावली भी दे दी गयी है।

जो बालक इस पुस्तक को व्यवहार में लावें, उन्हें चाहिये कि, वे पहिले निबन्ध-सूची में से किसी एक ऐसे विषय को चुनें, जिस पर वे कुछ लिख सकते हों। यदि वे उस विषय की जानकारी रखने के कारण कुछ कुछ लिख सकते हैं, तो उन्हें चाहिये कि, निबन्ध लिखने के पूर्व निबन्ध-रचना-विधियों की भूमिका से से किसी एक विषय का चुन सकने का निबन्ध लिखना आरम्भ करें। फिर आदर्शों के किसी विषय पर अपने विचारों को लिपिबद्ध करने का अभ्यास करें। वे विषय बदल लिखते हैं वे किसी एक विषय को चुन कर, विषय-क्रम से निबन्ध लिखने का अभ्यास करें। जब तक निबन्ध लिखने का अभ्यास न हो जाय तब तक आदर्श निबन्धों को न छोड़ना चाहिये।

इसमें आदर्श-निबन्ध "[illegible]", "[illegible]", "[illegible]" और "[illegible]" से संग्रह किये हैं। [illegible] इन पत्रों के सम्पादकों को धन्यवाद दिये बिना हम नहीं रह सकते।

विषय-सूची

विषय		पृष्ठ
१—आवश्यक नियम		१
२—विचारबद्ध निबन्ध		५
	१—परिश्रम	५
	२—आरोग्यता	५
	३—हिंसा	६
	४—पक्षी विशेष	६
	५—पशु विशेष	६
	६—वृक्ष विशेष	७
	७—मनुष्य विशेष	७
	८—राजा	८
	९—जीवनचरित्र	९
	१०—नगर	९
	११—रेल	१०
	१२—पुस्तकालय	११
	१३—स्त्री-शिक्षा	११
	१४—मन और शरीर	११
	१५—दिवाली	१२
	१६—नाटक	१२
	१७—समाचारपत्र	१३
	१८—डायरी या रोज़नामचा	१३
	१९—मित्रता	१३
	२०—वसन्त	१४

विषय	पृष्ठ
२६—सन्तान	९५
२७—बाढ़	९९
२८—आज का दिन	१०२
२९—मातृ-भूमि	१०४
३०—जीवन का लक्ष्य	१०८
३१—आशा (२)	११२
३२—सदाचार	११८
३३—ईख की खेती का व्यापार	१२८
३४—वीर बालक अभिमन्यु	१३२
३५—हमारा मुख्य कर्तव्य	१४५
३६—व्यापार	१४७
३७—प्रेम	१५१
३८—हम दीर्घजीवी कैसे हो सकते हैं ?	१५४
३९—विचारों को सुधारो	१६०
४०—पवित्र-जीवन	१६२
४१—वक्तृता और वक्ता	१६७
४२—महाभारत से शिक्षा	१७१
४३—आत्म-सम्मान	१८०
४४—क्रोध	१८४
४५—हमारा घर	१८७
४६—महानुभावता और सभ्यता	१९१
४७—अभ्यास के लिये निबन्धों की सूची	१९५

हिन्दी निबन्ध-शिक्षा

आवश्यक-नियम

प्यारे बालको! निबन्ध लिखने की सब से सरल रीति यह है कि जिस विषय पर तुमको निबन्ध लिखना हो, उस पर पहले तुम भली भाँति विचार कर और अपने विचारों को एकत्र कर, किसी एक काग़ज़ पर टाँप लो। फिर उनको श्रेणीबद्ध करके निबन्ध लिखना आरम्भ करो।

जब निबन्ध लिख कर, तैयार कर लो, तब उसे कम से कम तीन बार आदि से अन्त तक पढ़ो और देखो उसमें कोई बात छूट तो नहीं गयी। यदि कोई बात लिखते समय रह गयी हो, तो उसे आलस्य में पड़ छोड़ो मत। उसे भी यथास्थान अपने निबन्ध में सन्निवेशित कर दो।

जब तुम कपड़े पहिनने लगते हो, तब टोपी की जगह टोपी कोट की जगह कोट और पायजामा की जगह पायजामा पहिनते हो। यदि ऐसा न करो और पायजामा की जगह कोट और कोट की जगह पायजामा पहिन लो, तो तुम्हें देख, लोग हँसें और तुम्हारी नासमझी पर पश्चात्ताप करें।

निबन्ध लिखने के पूर्व तुम अपने किसी विषय सम्बन्धी विचारों को केवल श्रेणीबद्ध ही नहीं करते, किन्तु अपने ज्ञानरूपी

सखा को पोशाक पहिनाते हो। यदि तुम्हारे विचार भली भाँति श्रेणीबद्ध न हुए और तुमने कोट की जगह पायजामा और पायजामे की जगह कोट पहिना दिया, तो तुम्हारे निबन्ध के पढ़ने वाले तुम्हारी नासमझी पर हँसे बिना न रहेंगे और तुम्हारा सारा परिश्रम मिट्टी में मिल जायगा।

उदाहरण के लिये कोई एक विषय ले लो। मान लो तुमसे कोई कहे कि "सत्य" पर एक निबन्ध लिखो। पूर्व इसके कि, तुम कलम कागज़ लेकर झट लिखना आरम्भ कर दो, तुम्हें चाहिये कि, पहले यह विचारो कि "सत्य" के विषय में तुम क्या लिखना चाहते हो। जो लिखना हो, उसे स्मरण के लिये एक कागज़ के टुकड़े पर टीप लो। मान लो, तुम अपने निबन्ध में लिखना चाहते हो—

१—सत्य का प्रभाव।

२—सत्य न बोलने से हानि।

३—सत्य किसे कहते हैं?

४—सत्य बोलने की आवश्यकता क्या है?

५—सत्य की प्रशंसा या सत्य बोलने से जो लाभ होता है, उसके प्रमाण में कोई छोटी सी कथा या कहानी।

"सत्य" पर निबन्ध लिखने के लिये ऊपर लिखे विचार बहुत ठीक हैं, पर श्रेणीबद्ध नहीं हैं। यदि उपर्युक्त विचार नीचे लिखे क्रम से श्रेणीबद्ध किये जायँ तो तुम्हारा निबन्ध निर्दोष होगा—

१—सत्य किसे कहते हैं?

२—सत्य बोलने की आवश्यकता।

३—सत्य बोलने का प्रभाव।

४—सत्य न बोलने में हानि।

५—सत्य की प्रशंसा और उसके बोलने से जो लाभ होते हैं उनको प्रमाणित करने के लिये कोई छोटी सी कथा।

निबन्ध के अन्तर्गत यदि किसी की कही हुई कोई बात या श्लोक उद्धृत करना हो, तो उसे ऐसे स्थान पर उद्धृत करो, जहाँ उसकी आवश्यकता है। केवल यह दिखलाने के लिये कि तुम श्लोक जानते हो अपने निबन्ध में श्लोक या छन्द किसी पद्य का ठूँस देना अच्छा नहीं।

निबन्ध रचना करते समय शब्द एवं पद योजना पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिये। जिस शब्द के अर्थ में तुमको सन्देह हो या तुम उसका ठीक ठीक प्रयोग न जानते हो, उस शब्द को कभी मत लिखो। जहाँ तक हो सके अन्य भाषाओं के शब्दों का निबन्ध रचना में स्थान न दो। परन्तु अन्य भाषाओं के प्रचलित शब्दों को देश-निकाला देने के लिये क्लिष्ट शब्दों की कल्पना भी मत करो। जैसे कहीं पर तुम्हें "रेल" लिखने की आवश्यकता है, तो इस अन्य भाषा के शब्द को तुम ज्यों का त्यों लिख सकते हो यद्यपि यह शब्द अन्य भाषा का है तो क्या हुआ पर यह शब्द सब लोगों में प्रचलित है। "रेल" की जगह "वाष्पीय शकट" या "वाष्पीय यान" लिखना क्लिष्ट कल्पना है। ऐसी अवस्थाओं में तुम्हारी रचना निर्दोष होनी चाहिये।

प्रत्येक शब्द-समूह या वाक्य रचना में लिङ्ग-विभक्ति का ध्यान रखना चाहिये। जहाँ तक हो छोटे छोटे वाक्यों की रचना करो। उदाहरणस्वरूप पुंल्लिङ्ग क्रियाओं को लो। जैसे किसी एक वाक्य में कई बार पुंल्लिङ्ग क्रियाओं का प्रयोग करना है, उनकी

रचना प्रायः जटिल हो जाती है और कभी कभी वाक्य का भाव और अर्थ भी उलट जाता है। जिस बात पर तुम्हें पढ़ने वालों का विशेष ध्यान आकर्षित करना है, उसको सरल भाषा में कई प्रकार से लिख कर समझाओ।

प्रायः लेखक वाक्य के आरम्भ में "यद्यपि" लिखकर उसके दूसरे खण्ड के आरम्भ में "तथापि" की जगह "किन्तु" लिख देते हैं। जैसे "यद्यपि आप घर गये किन्तु पुस्तक न लाये" यहां "किन्तु" न लिखकर "तथापि" होना चाहिये। इसी तरह "जब" की पूर्ति "तब" से, न कि "तो" से होनी चाहिये। जैसे "जब राम आया तो श्याम गया।" यहां "तो" की जगह "तब" होना चाहिये। पर जहां वाक्य के आरम्भ में "यदि" आया हो, वहां वाक्यपूर्ति के लिये "तो" लिखना चाहिये, न कि "तब"। जैसे "यदि इसे मैं कर सकता, तब अवश्य कर डालता।" यहां "तब" की जगह "तो" का लिखना ही ठीक है। इसी प्रकार जहां "जिस समय" आवे, वहां "उस समय" और "जहां" के साथ "वहां" अवश्य आना चाहिये।

तुमको निबन्ध समाप्त करते समय, एक बात पर विशेष ध्यान रखना चाहिये। अर्थात् विषय को सहसा मत छोड़ दो। विषय की समाप्ति क्रमशः होनी चाहिये। साथ ही जिस मुख्य-विषय को तुमने अपने लेख में प्रतिपादित किया है, उसका संक्षिप्त आशय निबन्ध की समाप्ति में अवश्य आना चाहिये।

अब हम नीचे कुछ निबन्धों का नामोल्लेख करते हैं, साथ ही उन निबन्धों में जिन मुख्य बातों का समावेश होना चाहिये, उनकी सूची भी प्रत्येक विषय के नीचे दिये देते हैं।

विचारबद्ध-निबन्ध

१—परिश्रम

१—परिश्रम किसे कहते हैं ?

२—परिश्रमी पुरुष के चित्त और शरीर पर परिश्रम का कैसा प्रभाव पड़ता है ?

३—परिश्रम से लाभ।

४—जो परिश्रमी नहीं हैं, उनकी दुर्गति का उल्लेख कर परिश्रमी होने के लाभ दिखलाओ।

५—प्रसिद्ध परिश्रमी लोगों ने संसार में जो प्रसिद्ध कार्य किये हैं, उन्हें दिखलाओ।

६—परिश्रमी बनने का अभ्यास किस प्रकार डालना चाहिये ?

२—आरोग्यता

१—आरोग्यता की परिभाषा।

२—आरोग्य और रोगी मनुष्य की दशा का चित्र खींच कर, दोनों प्रकार के मनुष्यों के सुख दुःखों एवं हानि लाभ को लिखो।

३—आरोग्य रहने के उपाय लिखो, जिनसे मनुष्य आरोग्य रह सकता है।

४—अपने कथन की पुष्टि के लिये, किसी आरोग्यपुरुष का दृष्टान्त लिखो।

३ हिंसा

१—हिंसा किसे कहते हैं ?

२—हिंसा क्यों बुरी है ?

३—हिंसा करने की प्रवृत्ति क्योंकर उत्पन्न होती है ?

४—[illegible] दूर करने के उपाय।

५—हिंसावृत्ति मनुष्यों की [illegible] हानि करती है [illegible] महात्मा गांधी ने सिखाया और अहिंसा का महत्त्व प्रकट किया।

४ [illegible] विषय

१—[illegible] है

२—[illegible] है

३—[illegible]

४—[illegible]

५—[illegible] है

[illegible] है।

६—[illegible]

५ [illegible]

[illegible] है ?

[illegible] कैसे होता है ?

३—शारीरिक बल और वेग उसमें कितना है ?

४—उसका चमड़ा, हड्डी, मांस को लोग किस काम में लाते हैं ?

५—मनुष्य-जाति का उसके द्वारा कुछ काम निकलता है या नहीं।

६—उसका खाद्य पदार्थ।

७—यदि उसमें कोई विशेष गुण पाया गया हो, तो उसका भी उल्लेख करो।

६—वृक्ष विशेष

१—किस भूभाग में देखा जाता है ?

२—उसकी लंबाई और फैलाव कितना होता है ?

३—उसके पत्ते, डालियाँ, फूल आदि का वर्णन।

४—उसकी लकड़ी, पत्ते आदि किस काम में लाये जाते हैं ?

५—कितने दिनों की उसकी आयु होती है ?

६—वह फलता फूलता है कि नहीं ? यदि फलता फूलता है तो किस ऋतु में या वर्ष में कितनी बार ?

७—विशेष गुण, यदि उसमें कोई हो।

७—मनुष्य विशेष

१—कहां का रहने वाला है ?

२—उसके शरीर की गठन और रूपरंग, चालढाल, रहन सहन, आचार विचार, बल पराक्रम, खान पान का वर्णन करो।

३—विद्या और ज्ञान का उल्लेख करो।

४—उसके वर्णन करने योग्य कार्यों का उल्लेख करो।

५—उसके जीवन की उपदेश जनक घटनाओं का वर्णन करो।

६—अन्य देश-वासियों की अपेक्षा उसमें जो अधिक गुण व दोष हों, उन्हें भी लिखो।

८—राजा

१—कब और किस नगर या ग्राम में जन्मा ?

२—किस प्रकार पाला पोसा गया ?

३—शिक्षा।

४—राज्य की प्राप्ति—अर्थात् पिता से पाया, अनाश्रित मिला या बाहुबल से उपार्जन किया ?

५—अधिकार प्राप्त होने पर प्रजा के साथ बर्ताव।

६—उसके शासन काल में प्रजा की भलाई या बुराई हुई ?

७—लड़ाइयाँ जो हुई हों और उनकी हार जीत से जो हानि लाभ हुए हों।

८—प्रजा के हित के लिये जो कार्य्य किये हों, जैसे नगर तालाब, पाठशाला, कारखाना, धर्मशाला, महसूल व कमी या उसे उठा देना आदि।

९—यदि कोई नया आईन बना हो।

१०—अधिकारियों के साथ बर्ताव।

११—सन्तान तथा रानियों की संख्या।

१२—मृत्यु।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

१ [illegible]

२ [illegible]

३ [illegible]

४ [illegible]

५ [illegible]

६ [illegible]

७ [illegible]

८ [illegible]

९ [illegible]

१०—[illegible]

११—[illegible]

१२ [illegible]

[illegible]

१—[illegible]

२—[illegible]

[illegible]

३—[illegible]

५—मानसिक भावों का प्रभाव हमारे मुख पर किस .. झलकता है?

६—हँसने से शरीर पुष्ट और मोटा होता है।

७—भय और चिन्ता से शरीर बिगड़ता है और दृढ़ विश्वा एवं निश्चिन्तता से सुधरता है।

८—शरीर की उन्नति मानसिक उन्नति पर और मानसि उन्नति शारीरिक उन्नति पर निर्भर है।

१५–दिवाली

१—उत्पत्ति।

२—उपयोग।

३—सफ़ाई एवं रोशनी से लाभ।

४—दिवाली के दिन क्या क्या होता है?

५—जुए की बुरी प्रथा की निन्दा।

१६–नाटक

१—नाटक किसे कहते हैं?

२—उसकी सृष्टि किस प्रकार और क्योंकर हुई?

३—प्राचीन काल में नाटक कब से प्रचलित है?

४—नाटकों का प्रभाव जो देखनेवालों पर पड़ता है।

५—कैसे नाटक दर्शकों को देखने चाहिये?

६—बुरे नाटकों के कतिपय नाम बतलाओ और उनके दे में जो हानियाँ होती हैं, उन्हें बतलाओ।

१७-समाचार-पत्र

१—किसे कहते हैं?

२—उनसे क्या लाभ है?

३—कैसे समाचार-पत्र समाज और देश की उन्नति कर सकते हैं?

४—समाचार-पत्र पढ़ने चाहिये कि नहीं? यदि पढ़ने चाहिये तो उनके पढ़ने से क्या लाभ होते हैं?

५—समाचार-पत्रों द्वारा राजा और प्रजा में किस प्रकार सम्बन्ध दृढ़ हो सकता है?

१८-डायरी या रोज़नामचा

१—डायरी किसे कहते हैं?

२—सत्कार्य्य करने की आदत डालने के लिये डायरी रखना आवश्यक है।

३—डायरी भरने के लिये प्रतिदिन कोई समय निर्दिष्ट कर लेना चाहिये।

४—डायरी लिखने से हम जान सकते हैं कि हममें कितना काम करने की शक्ति है।

५—प्राचीन घटनाओं का लेखा रखने के लिये डायरी का रखना परमावश्यक है।

१९-मित्रता

१—मित्र के लक्षण।

२—मित्र की आवश्यकता।

३—मित्रता कैसे करनी चाहिये?

४—शिक्षा से क्योंकर लाभ पहुँचता है? उसे उदाहरण दि- कर समझाओ।

२० कसरत

१—कसरत किसे कहते हैं?

२—कसरत के भिन्न भिन्न ढङ्ग बतलाओ।

३—हिन्दुस्तानियों के लिये कौन सी कसरत उपयोगी है?

४—किन लोगों को कसरत करनी चाहिये और किन को नहीं?

५—कसरत के लाभ।

६—कसरती मनुष्यों के कतिपय उदाहरण।

आदर्श-निबन्ध

धैर्य

यह मनुष्य में एक विलक्षण गुण है। जितने काम हैं, वे धीरज
ी मे अच्छे होते हैं। चपल पुरुष से प्रायः काम बिगड़ते हैं।
जसको धैर्य नहीं वह थोड़ी ही बात में घबरा जाता है और
घबराने के कारण फिर उसको यह विवेक नहीं रहता कि क्या
मारा कर्त्तव्य है और क्या नहीं। तब फिर वह बिना विचारे और
ना समझे चाहे जो कर डालता है, तो यह कब सम्भव है कि,
स प्रकार के काम ठीक ही उतरें। ऐसा प्रसिद्ध है कि—

"बिना विचारे जो करे, सो पाछे पछताय।
काम बिगारे आपनो, जग में होत हँसाय॥"

जो लोग थोड़ी ही घबराहट में अपने से बाहर हो जाते हैं, जने
नें के पांव पड़ते हैं, सन्देह और चिन्ता के ज्वर से पीड़ित होते हैं,
नसे अधिक और कौन दुःखी होगा? इसलिये सदा धीरज ही
रना चाहिये।

जैसे कहा है कि -

कवित्त

ऐसे काज हँहैं हाय बान सब चूकि जैहैं,
कादरता ऐसी कबौं भूलिह न करिये।

करिके विवेक को सुसाज निज जी में पनि,
रचिके उपाय निज व्याकुलाई हरिये।
ईसुर को याद कै जनैये पुरुषारथ को,
"दत्त" कहूँ काहू के न जाय पाँव परिये।
हारिये न हिम्मत सुकीजे कोटि किम्मति को,
आपति में पति राखि धीरज को धरिये।

इस संसार में ऐसे क्षुद्र जन अनेक हैं जो कुछ भी श
उपस्थित होने से घबरा के कुएँ में गिर के प्राण दे देते हैं, अ
विष शस्त्रादि से आत्मघात कर लेते हैं। कितने ही अधीर पु
आग लगी देख घबरा के घर के कोने में घुसने जाते हैं
निकलने का पथ भूल, प्राण दे देते हैं, कितने ही वन में
और भालू का नाम सुनते ही काठ के खिलौने से खड़े हो जा
और अन्य पशुओं के ग्रास में पड़ते हैं; कितने ही घबराये परि
के समूह को अल्प-सामर्थ्य तीन चार डाकू लूट लेते हैं और
बेचारे धीरज विहीन हो आपस में एक दूसरे को धरते पक
रोते हाहा करते लूट जाते हैं। धैर्य को छोड़ देने से कितने अ
होते हैं जो कहे नहीं जा सकते। देखिये, धीर और अधीर
कितना अन्तर होता है। एक अधीर पुरुष की, दूर से सिंह
देखते ही घिग्घी बँध जाती है और दूसरे धीर पुरुष, जब तक सि
लपक के उनके पास आवे, तब तक उसे गोली मार कर मारते
किसी एक पुरुष ने सिंह का बच्चा पाला। वह सदा उस पर ह
फेरता, उसे प्यार करता और अपने साथ रखता। सिंह का ब
उससे ऐसा हिल मिल गया था कि उस मनुष्य ने उसे कुत्ते ऐ
बना लिया था। धीरे धीरे वह सिंह का बच्चा बड़ा हो पूरा प्र
सिंह हुआ, पर तो भी उस सिंह का अपने स्वामी पर वैसा ही

था, मानो उस सिंह को यह ज्ञान ही न था कि यह स्वामी वैसा ही रुधिर-मांस का पिण्ड है जैसा मैं प्रतिदिन बड़े प्रेम से खाता हूँ। यह सिंह अपने स्वामी को दूर से देखते ही दौड़ के आता और पूँछ सटकाते पाँव चाटने लगता; उसके पीछे पीछे फिरता और प्रत्येक बात में उसे प्यार की आँख से देखता था।

एक समय एक कुरसी पर उसका स्वामी बैठा था और हाथ में एक छोटी सी किताब लिये पढ़ रहा था। भोर का समय था, ठंढी ठंढी बयार चल रही थी। सामने फुलवारी के पौधों के पत्ते ओस की छोटी छोटी बूँदों का बोझा उठा रहे थे। कुन्द और गुलाब की सुगन्ध से आकाश भी प्रसन्न देख पड़ता था। इतनी देर में सामने का पिंजरा उसकी आज्ञा से खोला गया और सिंह भी पूँछ हिलाता उसके पास आया। उसके स्वामी ने पहिले उसके सिर पर हाथ फेरा, फिर पुचकार चुचकार गर्दन झाड़ अपनी बाईं ओर बैठाया। वह भी उबासी ले कुछ बाईं ओर कुछ पीछे तक कुरसी घेरता हुआ बैठ गया।

उसका स्वामी पुस्तक पढ़ता जाता था। कभी कभी अपने पाले हुए सिंह के बच्चे को देखता और कभी बाँया हाथ उसके कान और सिर पर फेरता और अपने को देख चारों ओर इस भाव की आँख पसारता कि मेरे ऐसा दुनिया में और कौन है। जिस सिंह के नाम सुनते लोगों की घाँटे पचती हैं, वही मेरे साथ बकरी की भाँति पूँछ हिलाता दौड़ता है। किसकी सामर्थ्य है कि ऐसे समय मेरे सामने आवे। मैं यदि अँगुली से भी संकेत करूँ, तो यह बड़े बड़े गजराजों का भी कुम्भस्थल चीर डाले और रुधिर की नदी बहा दे। इन्हीं घमंडों में भर इधर उधर देख भाल वह फिर अपने हाथ की पुस्तक पढ़ने लगा।

उसका बायाँ हाथ बाईं ओर कुरसी के नीचे लटकता [illegible] था। सिंह उसी हाथ के पास मुँह किये बैठा था और धीरे-धीरे उसका हाथ चाटता जाता था।

उसके स्वामी की उधर कुछ भी दृष्टि न थी, यहाँ तक कि [illegible] हाथ चाटते चाटते लगभग आध घंटा हो गया। तब उसकी [illegible] की रगड़ से हाथ में कुछ रुधिर चमचमा आया और सिंह को [illegible] जीभ में कुछ स्वाद लगने लगा। जब इनका हाथ कुछ दुखने लगा तब इन्होंने अपना हाथ अकस्मात् खींचा। उस समय यदि [illegible] सिंह ने जीभ के अलगेट से हाथ खींचने न दिया और इनके [illegible] खटका तब सिंह गरज उठा। इन्होंने देखा कि सिंह की त्योरी बदल गई, अब यदि उसी समय घबरा फिर हाथ खींचेंगे तब तो समाप्त [illegible] पर इन्होंने धीरज से काम लिया और हाथ वैसे ही सिंह के मुँह [illegible] पास रखे रहे और फिर [illegible] की ओर मुँह कर अपने नौकर [illegible] पुकारा। नौकर के सामने आते ही [illegible] ने कहा [illegible] बन्दूक भरकर और [illegible] बहुत [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] और [illegible] मारा, [illegible] [illegible] तब नौकर [illegible] [illegible] बन्दूक [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] कोई समझ सकता है कि [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] की [illegible] [illegible] [illegible] होगा।

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] सिंह [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] की [illegible] [illegible] में [illegible] [illegible] और [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] कि [illegible] [illegible] [illegible]।

इसलिये, वह बेचारा यदि पहिले ही घबरा जाता तो मारा जाने में क्या सन्देह था ?

पुराणों में जितनी नल, राम, युधिष्ठिर आदि की कथाएँ हैं, उनमें आदि से अन्त तक धैर्य्य का प्रकरण भरा है और जितने आज तक एक से एक, पराक्रमी और वीर, प्रतापी तथा यशस्वी पुरुष हो गये हैं, उनकी उन्नति का प्रधान कारण धैर्य्य ही मिला है

क्षमा

क्षमा कुछ साधारण गुण नहीं है। जिस पुरुष में क्षमा नहीं है वह अति तुच्छ समझा जाता है। जो ऐसे होते हैं कि, किसी से कुछ अपकार की शङ्का हुई कि, उसका प्रत्यपकार करने को तैयार; किसी के मुख से भूल से कोई कड़ा शब्द निकला कि, आप गालियों की वर्षा करने लगे; किसी ने अल्प अपराध भी किया तो उस पर झट टूट पड़े; वे अति तुच्छ समझे जाते हैं। जिनको क्षमा नहीं उनके लड़ने वाले बहुत दुर्जन होते हैं, क्योंकि वे बात बात में धूने और झुड़के जाते हैं और बात बात में मार खाते हैं। उनसे जी खोल कर कोई बात नहीं करता, क्योंकि यह आशङ्का लगी रहती है कि बातों में कोई शब्द अनुचित न निकल जाय। जिनको क्षमा नहीं है उनसे कितने ही काम झटपट में ऐसे अनुचित बन जाते हैं कि, पीछे जन्म भर पछतावा रह जाता है। क्षमा-रहित पुरुष राजसभाओं में तो कभी टिक ही नहीं सकते। जैसे किसी कटोरे में जल हो तो उसमें जहाँ कुछ और पदार्थ डाला कि, जल उबला, यह स्वभाव अक्षम पुरुषों का है।

[illegible] जी को यह सुन अद्भुत साथ हुआ [illegible] क्षमा गुण देख सबको आश्चर्य [illegible] इसलिये [illegible] चित्त में स्थिर करके रखना चाहिये कि-

दोहा

[illegible] मनुज गुन सों बड़ो, क्षमा पुन्य को मूल ।
क्षमा जासु हिरदे रहै, तासु दैव अनुकूल ॥
अपराधी निज दोष तें, दुख पावत सब जाम ।
क्षमा सील निज गुनन तें, सुखी रहत सब ठाम ॥

आशा

[illegible] पर [illegible] का एक छोटा [illegible] उस पर [illegible] विचार किया जाय तो उसमें [illegible] यहाँ तक कि संसारी [illegible] कहना भी [illegible] मनुष्यों का [illegible] आवश्यक है। [illegible] शक्ति है, [illegible] आ जाता है। [illegible] यदि न होता तो [illegible] वीर-पराक्रम

गदा से उरु भङ्ग हुए, मरणोन्मुख दुर्योधन का अश्वत्थामा को सेनापतित्व पर अभिषेक करके, सुषुप्त अवस्था में पाण्डवों के नाश के लिये शिबिर (कैम्प) में भेजना* इसी आशा की प्रेरणा नहीं तो और क्या थी ?

निराशा मनुष्यों के मन में बहुत काल तक नहीं ठहरती, या यों कहिये कि ठहरती ही नहीं। यदि किसी तरह की आशा पूर्ण न होने पर क्षण काल के लिये निराशा उत्पन्न हो भी गई, तो आशा की चपेट से उसे शीघ्र हट जाना पड़ता है। जब कभी आशा चिरकाल के लिये वास कर लेती तब मनुष्य कार्य्य-सिद्धि की सीमा तक पहुँच सकता है।

व्यवहार में निरत रहनेवाले संसारी मनुष्यों का "आशाहि परमं सुखम्" यही मूल मन्त्र होना चाहिये। आशा फलीभूत होने की आशा न हो तो मनुष्यों की कैसी दशा हो ? आशा की तरंगों में मन सदा आन्दोलित रहता है और प्रतिक्षण मनोरथरूपी बुलबुले उठा करते हैं। महान् से महान् कार्य्य की उत्पादक और प्रवर्तक यही आशा है, भूमि-कर की अधिकता और बार बार ईति-भीति से सताया गया कृषक, जिसने ग्रीष्मकाल में यह संकल्प कर लिया है कि, इस ऐसी कष्टसाध्य जीविका के बदले नौकरी ही से पेट पालेंगे, पावस के प्रारम्भ होते ही कृषिकर्म्म का आयोजन करने में निमग्न हुआ देख पड़ता है। इसका प्रबल कारण यही है कि, उसके शुष्क हृदय क्षेत्र में यह आशा अंकुरित हो जाती है कि, इस वर्ष शायद समा हो जाय।

* इसकी पूरी कथा हमारे संग्रहीत "हिन्दी महाभारत" में है जिसका मूल्य १।) रु० है।

विद्यार्थी जो अविश्रान्त परिश्रम से विद्याध्ययन में लगा है, उसकी यही आशा है कि एक दिन संसार में यशस्वी हो जाँयगे और इसी कारण स्नान-निद्रा, बक-ध्यान, स्वल्प-भोजन आदि कष्ट साध्य व्रतों का अनुष्ठान कर, स्वाद, शृङ्गार, कौतुक व शारीरिक सुखों को तृणवत् जान, लगातार परिश्रम करते रहने के कारण शरीर सूख कर हड्डी रह गया, गरदन हाथ भर लम्बी हो गयी कपोल सूख कर चिमट गये, आँखें धुँधुरा गयीं; ऐसी कठिनता से विद्याध्ययन किये जाने पर भी, परीक्षा में फेल होने पर कौन साहस कर सकता है कि, फिर वह आगे पढ़े? कभी नहीं। किन्तु यही आशा उसके कर्णकुहर में सञ्जीवन मन्त्र का उपदेश करती है कि, आने वाले वर्ष में तुम अवश्य उत्तीर्ण होगे। इसीसे वह गाढ़े परिश्रम में फिर मग्न देखा जाता है। सृष्टि के आरम्भ काल से मनुष्यों की प्रवृत्ति सुख की ओर रही है। लड़कों का पढ़ना, कृषकों का खेती करना, व्यापारों का क्रय विक्रय, राजाओं का दिग्विजय इत्यादि जो अनेक उद्योग असीम कष्ट और परिश्रम के साथ किये जाते हैं, सब का मूल उद्देश सुख प्राप्ति की आशा है। सुख सम्पत्ति की आशा यही अच्छी है। इससे मनुष्य नये उत्साह से कार्य में प्रवृत्त होता है। यद्यपि यह आशा फलदायिनी नहीं होती, तथापि ईश्वर ने इसे मनुष्य के मन में उसी भलाई ही के लिये स्थान दिया है। जो हो, बलवती आशा ही की प्रेरणा से मनुष्य सुख-प्राप्ति के लिये उद्योग करता है। आशा मनुष्य के जीवन-रूपी दीपक का आवरण (ढकना) है। जिस तरह प्रचण्ड पवन आदि के झकोर से दीपक बिना ढकना के स्थिर नहीं रहता, उसी तरह बाहरी दुःख और चिन्ता रूपी आँधियों से रक्षा करने वाली यही आशा है। आशा दुःख के पहाड़ों को चूर्ण कर देने वाला वज्र है। यदि दुःख में सुख की आशा न होती, तो उस असह्य दुःख से पार पाना

कठिन होता। यद्यपि सांसारिक लोग इस आशा को सुख-प्राप्ति का एक मार्ग बताते हैं, तथापि राजर्षि भर्तृहरि सरीखे विरक्त लोग इसे बन्धन का कारण और सर्वथा त्याज्य मानते हैं।

अब पाठकगण ही अपना लाभ व हानि विचार कर और इतिहासों पर दृष्टि डाल कर सोचें कि आशावान् होकर, कार्य्य में तत्पर होने से हमारा लाभ है, या निराश होकर, हाथ पर हाथ धरे रहने से ?

कर्त्तव्य-पालन

कर्त्तव्य-पालन में कुछ कठिनाई अवश्य होती है; किन्तु इससे हमें दुख नहीं समझना चाहिये। कर्त्तव्य-परायण मनुष्य को कभी कभी सांसारिक आमोद प्रमोद से भी वञ्चित रहना पड़ता है, कष्ट भी कभी भोगने पड़ते हैं, कभी कभी दुरात्माओं द्वारा उसका अपमान भी किया जाता है और उसकी हँसी भी उड़ाई जाती है, परन्तु इतना सब कुछ होने पर भी विद्वानों का मत यही है कि, कर्त्तव्य-पालन में दृढ़ रहो। कर्त्तव्य को अपना शासक समझना ठीक नहीं है; किन्तु उसे अपना सच्चा मित्र और सखा समझना चाहिये, क्योंकि यह मनुष्य को सांसारिक चिन्ताओं से बचा कर, शान्ति-निकेतन के पथ की ओर अग्रसर करता है। कर्त्तव्य-पालन करते हुए, संसार की बहुत सी बातें छूट जायेंगी। कुछ उनमें बुरी भी होंगी और कुछ भली भी; किन्तु जो भली बातें छूट जायेंगी उनका मूल्य कर्त्तव्य के समक्ष बहुत कम है। किसी मनुष्य ने अपने जीवन को स्त्री-प्रेम ही में आनन्द समझ कर बिताया; किसी मनुष्य ने प्रतिष्ठा प्राप्त करने की चेष्टा ही में और किसी

मनुष्य ने धन प्राप्ति ही में जीवन व्यतीत किया, परन्तु कर्त्तव्य
भूल कर, इन मार्गों पर चलने से इन्होंने बदनामी भी खूब उठा
यह सम्भव है कि, कर्त्तव्य-निष्ठ मनुष्य अधिक धन सम्पत्ति
वञ्चित रहे, तो भी वह जिस कुल या जाति में जन्म लेता
उसके अन्तरात्मा में बड़ी ही सम्पत्ति छोड़ जाता है। जो ध
कर्त्तव्य-पालन करते हुए प्राप्त होता है, उसीसे सच्चा आनन्द प्र
होता है। अन्यथा वह चिन्ता, भय और दुःख का कारण होता
और अनुचित बातों में व्यय होता है। यदि सोच विचार कर
कर्त्तव्य तत्पर रह कर, धन कमाया जाय और उसका सदुपयोग कि
जाय, तो स्वयं और दूसरे जन भी उससे बड़ा आनन्द भोगते
धनाढ्य पुरुष-कर्त्तव्य हीन होने से अपने ऊपर दुःख और आप
लादता रहता है और मरने के साथ ही उसका नाम भी
जाता है।

कर्त्तव्य के पथ पर चलना मनुष्य का धर्म तो है ही। कि
ऐसा करने से वह कर्त्तव्यहीन और चरित्रहीन मनुष्यों में
कर्त्तव्य-निष्ठता और उत्साह की जागृति करता है। कर्त्त
पालन से मनुष्य को प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि तथा हृदय को शा
प्राप्त होती है और मनुष्य का जीवन सफल होता है। धन्य
वे, जो अपने कर्त्तव्य-कार्यों को करते हुए, अपना जीवन व्य
करते हैं। विशेषकर धन्य वे हैं, जो अपने देश की कल्याण काम
से अपने स्वार्थ पर लात मार कर, कर्त्तव्य कार्य करते हैं। एक
अंग्रेज़ बालों और पुर्तगाल वालों में लड़ाई हुई। अंग्रेज़ी फ़ौज
नायक एक पुरुष नेल्सन था। उसने अपनी खाट पर पड़े
सोचा कि, मुझे मरना तो पड़ेगा ही, फिर खाट में पड़ा पड़ा
मरूँ? अंग्रेज़ के प्रत्येक मनुष्य का कर्त्तव्य है कि, वह अपने देश
रक्षा के लिये युद्ध करे। फिर मैं भी रणभूमि में जा कर क्यों

शरीर त्यागूँ ? ऐसा सोच समझ कर, वह युद्ध-स्थल में गया और वहाँ जाकर ख़ूब लड़ा। लड़ते ही लड़ते उसने अपना शरीर त्यागा। परन्तु क्या उसका नाशमान शरीर स्पेन वालों को आज तक कर्त्तव्य-निष्ठा का उपदेश नहीं दे रहा है ! रोगग्रस्त अवस्था में भी उसके लड़ने का फल यह हुआ था कि स्पेनवाले ख़ूब लड़े थे। इसी प्रकार हम भी उसी रोगी के समान हैं, जिनकी मृत्यु निश्चित है। मरना तो पड़ेगा ही, फिर हम क्यों न कर्त्तव्य करते हुए आनन्द से मृत्यु की गोद में जा पधारें। मृत्यु का भय कायरों और कर्त्तव्य-हीन पुरुषों को होता है। कर्त्तव्य-निष्ठ पुरुष मृत्यु की कुछ भी चिन्ता नहीं करते। वे मृत्यु को आत्मा का एक शरीर से दूसरे शरीर में परिवर्तन होना समझते हैं। जिन्होंने गुरु गोविन्द सिंह और सुकरात आदि पुरुषों के जीवन-चरित्र पढ़े हैं, वे इस बात को भली भाँति जानते हैं। जब यह बात है, तब कर्त्तव्य-कार्यों के करने में मृत्यु का भय क्यों करना चाहिये ? डरना चाहिये अधम और अपकीर्ति के कार्यों से। कर्त्तव्य-पालन में चाहे जितने दुःख उठाने पड़ें, परन्तु कर्त्तव्य से विचलित न होकर पुरुषार्थ से ही काम लेता है, पुरुष वही है। चरित्रवान् पुरुष के चरित्र और नाम पर कर्त्तव्य-कार्यों को करते हुए जेलख़ाने में जाने पर भी कलङ्क नहीं लगता। कर्त्तव्य-तत्पर पुरुष के लिये जेलख़ाना भी कीर्ति लाभ करने का भवन हो जाता है। ऐसे पुरुष चाहे जिस दशा में रहें, सर्वत्र उनका गौरव है और कीर्ति तो मरने पर भी उनका पीछा नहीं छोड़ती। उनकी मृत्यु हो जाने पर भी उनके कारनामों से जगत् में उनका नाम अमर हो जाता है। भारतीय और ऐतिहासिक पुराने समय के ऐसे अनेक महान् पुरुषों के नाम और काम आज तक प्रकाश कर रहे हैं।

हम लोग कल्याणकारी कार्यों में रात दिन लगे रहते हैं और उनके करने के लिये अनेक प्रयत्न करते रहते हैं। परन्तु हमारे अच्छे काम करने का बहुत बड़ा आनन्द प्राप्त होता है। कार्य करने में सफलता और न असफलता चाहिये। काम करने के पीछे ही आनन्द और सुख छिपा रहता है। सफलता प्राप्त होने में यदि देरी हो तो भी न घबराये। यदि सफलता शीघ्र प्राप्त हो जाय तो फूलकर कुप्पा न बन जाये। नियमपूर्वक कार्य करने ही से संसार में मनुष्य बहुत प्राप्त हुआ करता है।

कल्याणकारी कार्यों का करना हम लोगों के वास्ते न [illegible] है। जीवन की सफलता का रास्ता और सहायक है। [illegible] [illegible] आदि [illegible] पर [illegible] [illegible] भी था न हो, परन्तु नियमपूर्वक [illegible] हुए [illegible] हमारे जीवन के लिये बड़ा सहायक है [illegible] [illegible] [illegible] किया जाता था [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] पूर्वक मनुष्य का [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] मनुष्य के [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] चाहिये।

निबन्ध साहित्य का उद्देश्य

मनुष्य अब अपना मन से कुछ बोलना ही चाहता है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है। निबन्ध का

प्रारम्भ मनुष्य जिस दिन से संसार में आता है, उसी दिन से सीखने लगता है और जीवन भर यह काम चलता रहता है। इन देखना भालना, चलना फिरना, खाना पीना और काम करना दूसरों ही से सीखते हैं। जितना जो अधिक सीखता है, उतना ही उसका जीवन अधिक उपयोगी होता है, परन्तु शिक्षा ही हमारे जीवन के आनन्द की ओर ले जाने का पथ है। निस्सन्देह शिक्षा मनुष्य के आनन्द-भवन में पहुँचा देने की पक्की सड़क है और आनन्द ही शिक्षा प्राप्त करने का मुख्य उद्देश है। शिक्षा बड़ी आवश्यक है, शिक्षा द्वारा ही हम अपनी इन्द्रियों का उपयोग करना सीखते हैं। शिक्षा का यह अर्थ नहीं है कि किताबें पढ़ने ही से हम सदाचारी, सभ्य हों। अच्छे ज्ञान शिक्षा और शिक्षकों से ज्ञान लेने पर भी हमारे बहुत कुछ संस्कार रह जाते हैं। जिन्होंने शिक्षा प्राप्त की है इसलिये बहुत अच्छे काम किए हैं, परन्तु अपने स्वार्थ साधनों से पूरा करना बुद्धिमान् का काम नहीं है। सच्चा शिक्षण, शिक्षा प्राप्त करने का साधन है। अध्ययन के उचित प्रकार से व्यवहार में लाना चाहिये। एक अंग्रेज़ विद्वान् का कहना है कि, "हमें अपने अध्ययन से [illegible] की शक्ति प्राप्त का काम नहीं लेना चाहिये और न इसलिए [illegible] चाहिये, [illegible] हम [illegible] हों। अपने अध्ययन को न तो दूसरों से [illegible] और न [illegible] करने का [illegible]; किन्तु अपने अध्ययन से आनन्द की प्राप्ति का [illegible] करो और उससे अपने जीवन का सुधार करो।"

एक बार एक दिन [illegible] अपने [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है—

"वे ही मनुष्य सर्वसाधारण की सबसे अधिक सेवा करने वाले हैं, जो ऊँचे मकान न बनवा कर लोगों के आत्मा को ऊँचा करते हैं। यह अच्छी बात है कि उच्चगुण छोटे मकान में हों, किन्तु पराश्रित न हों। क्षुद्र पुरुषों के अधीन बनकर ऊँचे मकान में रहना अच्छा नहीं लगता है।"

बहुत से विद्यार्थी समझा करते हैं कि, विद्यालय ही शिक्षा के आरम्भ और समाप्ति का स्थान है, परन्तु विद्वानों का मत है कि, शिक्षा का काम विद्यालय ही में समाप्त नहीं होता। शिक्षा ऐसी उत्तम वस्तु है कि, जीवन के अन्त तक, इसका उपार्जन करना चाहिए। आज कल यूरप के प्रसिद्ध आदि देशों में ऐसे पुरुष पाये जाते हैं जो वृद्धावस्था में भी [illegible] देशों की भाषा और प्राचीन विद्यों का अध्ययन आरम्भ करते हैं। शिक्षा बड़ी ही महत्व की वस्तु है। यह हमें युवावस्था और वृद्धावस्था और [illegible] व्यवहार के लिये तैयार करती है। शिक्षा हमें जीवन और मरण का [illegible] बना कर [illegible] तारती है। बहुत लोग समझा करते हैं कि इसी शिक्षा द्वारा [illegible] प्राप्त करनी पड़ती है कि इस [illegible] प्राप्त कर सकें। आज कल कोई ऐसा भी व्यक्ति कम नहीं है जो [illegible] और [illegible] में निपुण हुए हैं। [illegible] अनुपम अलौकिक आनन्द प्राप्त हो सकता है इसलिये ये [illegible] हैं। [illegible] और यह भी शिक्षा से प्राप्त होता है। किन्तु शिक्षा का परिणाम यही नहीं हो सकता है। शिक्षा से [illegible] प्राप्त कर [illegible] होना चाहिए। किन्तु शिक्षा के परिणाम स्वरूप [illegible] प्राप्त करते हुए, दूसरों की [illegible] है। आत्मसंयम का [illegible] रूप में है।

कोई कोई लोग रुपये को बड़ा और विद्या को लघु समझते हैं। कोई विद्या को प्रधान मानते हैं और रुपये को दूसरे स्थान पर रखते हैं। कुछ लोग केवल रुपये ही को समझते हैं। कुछ लोग विद्या ही को सर्वस्व समझते हैं। जिन्होंने विद्या को रुपये से बड़ा समझा है, वे पण्डित हैं। जिन्होंने विद्या को सर्वस्व मान रखा है वे सन्यासी हैं। जिन्होंने रुपये को विद्या से उत्तम माना है वे व्यापारी मनुष्य हैं। परन्तु जिन्होंने रुपये को अपना जीवन का लक्ष्य और सर्वस्व मान रखा है, वे बुद्धिमान कभी नहीं कहे जा सकते। दुनिया में ऐसे लोगों को भी रुपये के [illegible] की [illegible] किया करते हैं, उनका [illegible] भी [illegible] होता। परन्तु [illegible] होने के और [illegible] का [illegible] हो सकते हैं, [illegible] हैं। [illegible] और [illegible] हैं [illegible] कई [illegible] ने यह [illegible] दिखलाया है कि, विद्या रुपये से उनकी [illegible] हैं। [illegible] हैं। [illegible] कि, शिक्षा के [illegible] करने से [illegible] नहीं है। [illegible]

वह उसके निर्णयों का सामना कर लेता है। बड़े बड़े महात्माओं के साथ बहुधा [illegible] घटनाएँ होती रहे हैं। शिक्षा ऐसी होनी चाहिये जिससे हम अपने स्वार्थ और परमार्थ के कर्त्तव्य को भली भाँति समझ कर, कल्याण के मार्ग पर चलने लग जावें।

काव्य और लोक-शिक्षा

मानव जीवन को उन्नत करने के लिये काव्य भी बड़ा प्रभाव रखता है, कवि भी यदि प्रतिभाशाली हो और उसकी कविता स्वानुभूतिपूर्ण हो तो वह मनुष्य के हृदय में वास्तव और महान् भाव उत्पन्न कर सकता है। मानव समाज में [illegible] करके वह बहुत कुछ काम कर सकता है। यह बात भी सिद्ध है कि, [illegible] के काव्य द्वारा लोक [illegible] शिक्षा लाभ कर सकते हैं। [illegible] प्रतिभाशाली कविता को समाज का शिक्षक ही समझना चाहिये। [illegible] आवश्यकता नहीं है। [illegible] हो जाते हैं। [illegible] शिक्षा के [illegible] भी [illegible] है, [illegible] शिक्षा [illegible] नहीं [illegible] है। [illegible] और [illegible] हैं। [illegible] और [illegible] के [illegible] हैं। [illegible] के [illegible] को [illegible] हो रही है। [illegible] के [illegible] है और [illegible]

लाभ करते हैं, यह इन दोनों काव्यों से भली भाँति प्रमाणित है। काव्य यद्यपि इतना प्रयोजनीय है, तथापि प्रतिभाशाली कवियों के काव्य के मर्म को समझने वाले कम ही होते हैं, जैसा कि, किसी कवि ने कहा—

> "तत्त्वं किमपि काव्यानां" जानन्ति विरलो भुवि।
> मार्मिकं को मरन्दानामन्तरेण मधुव्रतम्॥

अर्थात् काव्य के तत्व को कोई विरला ही जानता है; मधुव्रत (भौंरा) के सिवाय पुष्पों के मधुर रस का मर्म और स्वाद जानने वाला कौन है? काव्य से क्या क्या लाभ होते हैं इस विषय में विद्वानों की सम्मति आगे पढ़िये। काव्य के लाभों के विषय में मम्मटाचार्य ने काव्य-प्रकाश में यों लिखा है—"काव्य से यश मिलता है, द्रव्य का लाभ होता है, व्यवहार-ज्ञान की वृद्धि होती है, दुःख का नाश हो कर, शीघ्र ही परमानन्द मिलता है। कविता कान्ता के समान रमणीय उपदेश करती है।" बङ्गाल के परम प्रसिद्ध लेखक बाबू बङ्किमचन्द्र अपने "विविध-प्रबन्ध" ग्रन्थ में लिखते हैं—उद्देश और सफलता दोनों की विवेचना करने पर यह विदित होता है कि, राजनीतिवेत्ता, धर्म्मोपदेष्टा, नीतिवेत्ता, दार्शनिक, वैज्ञानिक इन सब की अपेक्षा कवि ही श्रेष्ठ है। कविता करने के लिये जितनी मानसिक समझ की आवश्यकता है उसके लिये कवि ही उपयुक्त मनुष्य है। कवि लोग जगत् के श्रेष्ठ शिक्षादाता और उपकार-कर्त्ता होते हैं और सब से अधिक मानसिक-शक्ति सम्पन्न होते हैं। बहुधा काव्य को चित्रकला की उपमा दी जाती है। कविता एक बोलती हुई तसवीर है और चित्रकला गूंगी कविता है। सब कलाओं में कविता सर्वप्रधान है; क्योंकि यह भगवान् की अनन्त महिमा को अच्छी तरह प्रकाशित करती है। कवि शब्दों

द्वारा ही काव्य-चित्र खींच देता है और मनस्कामों का भी काम पूरा कर देता है। शब्दों द्वारा यह बड़े बड़े महल और वन पर्वत खड़े कर देता है। संसार भर की सैर करा देता है। इसको तो कल्पनाओं का केन्द्रस्थान ही समझना चाहिये। वास्तव में सभी चित्रों और चरित्रों का प्रदर्शनागार ही है।

काव्य स्वयं सृष्टि में मानवी प्रकृति की रचना है, क्योंकि प्रकृति ही कवि बनाती है। कविता करने के लिये मानव हृदय में बुद्धि, प्रेम और विचार चाहिये। कवि के भावुकतापूर्ण हृदय में अनेक भाव उठा करते हैं। कवि का हृदय विचारों का मन्दिर ही बन जाना चाहिये। कवि के हृदय में कभी कभी एक एक विचार ऐसा महत्वपूर्ण उठता है कि, उसका अनुसरण मनुष्य युगयुगान्त करते हैं। काव्य का विज्ञान भी कवियों की कल्पनाओं की सहायता से मनुष्य और [illegible] के बीच का [illegible] बतलाता है। इसी कारण धार्मिक आचार और सुसंस्कृत व्यवहार भी पूर्ण अंग है। इसका विचार और चिन्तन आदि के रूप में मनों का विकास भावपूर्ण करता है।

एक विद्वान् अंग्रेज कविता की व्याख्या में कहता है

"कविता हमारे जीवन-संगम के उन अनुभूतियों का प्रकाश है। उसका उत्पन्न होना भाषा का नया रूप के लिये आवश्यक होता है और वस्तु बदलती है। कविता संसार के विज्ञान की व्याख्या प्रदान करता है। कविता हमारी कल्पनाशक्ति बुद्धि से उस तर्क को उठाती है जिसके द्वारा व्यक्तित्व के मन को विचार रहता है। कविता हमारे विचार का सम्बन्ध है। कविता पूर्णताओं का उत्तम आधार व्यक्तित्व सम्पन्न और वैयक्तिक करती है। कविता सत्य और सरल से कोई नहीं है। कल्पना प्रत्येक हृदय ही सुन्दर विकसित करता है।"

कवि टेनीसन ने एक बार कहा था "कवि अपनी कविता के विषय में यह प्रसिद्ध कर सकता है कि, ऐसी कविता करना एक बड़ा काम है कि, जिसके द्वारा किसी जाति के हृदय में उत्साह पैदा हो।" यह बात भी स्पष्ट ही है कि, कविता रचने वाला कवि यदि धार्मिक है और उसका निर्मल हृदय यदि सद्भाव से परिपूर्ण है, तो उसका काव्य भी मनुष्यों को धार्मिकता की ओर ले जायगा और उससे समाज का कल्याण और लोकशिक्षा का सच्चा काम होगा।

भारत अपने काव्य-निधि के लिये सदैव प्रसिद्ध है। अब भी उसमें कुछ कविता होती है। परन्तु अब कवियों को अपनी कवित्व-शक्ति को देश के कल्याण की ओर लगाना चाहिये। भारत-महिमा की कविता ने देश में अपूर्व आकांक्षा उद्दीप्त कर दी है। कविता वही है जो निर्जीव जाति के मनुष्यों में भी एक बार फिर जीवदान कर देवे। वर्त्तमान समय में परकीया नायिका के प्रेम के फौवारे छोड़ने वाली कविता की आवश्यकता नहीं है। आज कल तो ऐसी भावपूर्ण कविता होनी चाहिये जिससे सर्वसाधारण की देशोन्नति का उत्साह हो। देश का कल्याण और सर्वसाधारण का लाभ इसी में है। इससे जिन पुरुषरत्नों को भारतीय माता ने कविता करने की मानसिक शक्ति प्रदान की है, उनसे विनय है कि वे ऐसी कविता करने की कृपा करें जिससे नवयुवकों में वीरत्व, पौरुष, आत्मत्याग, स्वदेश-प्रेम, कर्त्तव्य पालन, आध्यात्मिक उन्नति और धार्मिकता के भाव उत्पन्न हों। आपस के रगड़े झगड़े और स्वार्थ की बातें छोड़कर लेखकों और कवियों को "श्रेष्ठ शिक्षा-दाता" और "उपकार-कर्त्ता" बनना चाहिये।

धनोपार्जन और धन का व्यय कैसे करना चाहिये

संसार में पैसा ऐसी वस्तु है कि धन से सभी प्राप्त [illegible] सुख दुःख की सामग्री प्राप्त हो सकती है। धन ही से प्रतिष्ठा और बड़ाई मिलती है और धन ही से संसार के बहुत से [illegible] कार्य होते हैं। संसार में जितने [illegible] हैं सबसे प्रधान धन है। संसार में जितना [illegible]

[illegible]

में उसका भी मन विचलित हो जाता है और वह बहुधा अनुचित रीति से भी अपनी आवश्यकता को पूर्ण करने के लिये उद्यत हो जाता है। नीति में भी कहा है "बुभुक्षितः किं न करोति पापम्।" इसलिये मनुष्य को विशेषतः गृहस्थ को पहिली चिन्ता धन की करनी चाहिये ; परन्तु अधर्म्म से कभी धन उपार्जन न करना चाहिये। अधर्म्म से धन कमाने से मनुष्य को कभी सुख नहीं मिलता। फिर ऐसे धन से क्या लाभ ? इसके सिवाय ऐसा धन ठहरता भी नहीं और बहुधा पापकार्यों ही में व्यय होता है। मनु के धर्मशास्त्र में भी लिखा है कि, ऐसे मनुष्य की दशा उस वृक्ष के समान होती है जो पहिले बढ़कर ,खूब फूलता फलता है और फिर समूल नष्ट हो जाता है। जिस प्रकार धन अनुचित रीति से प्राप्त करना हानिकारी है, उसी प्रकार धन का असद्व्यय या अपव्यय भी हानिकारी होता है। जो अपव्यय करता है वह अवश्य रुपये की आवश्यकता में रहता है और अन्त में कष्ट उठाता है। हमारी जाति में पुरुष बहुधा अपव्ययी हैं ; इसलिये बहुत ही कम ऐसे लोग हैं जिनके पास धन संचित हो ; नहीं तो राजा महाराजा से लेकर साधारण ज़मींदार तक सब ही के पास रुपये पैसे की कमी रहती है। यदि लोग नियम पूर्वक थोड़ा थोड़ा रुपया भी बचाकर जमा करते रहें तो थोड़े ही दिनों में बहुत सा रुपया इकट्ठा हो सकता है जो कि, समय पर काम आवे और आनन्द से खर्च कम करके कुछ बचाते रहें तो इनको कभी ऋणी न होना पड़े और न जायदाद को बन्धक रखकर व्यय करने की ज़रूरत पड़े।

धन इसलिये भी नहीं है कि, उसको कन्जूसी से ज़रूरी कामों में भी खर्च न किया जाय या द्रव्य पास होने पर भी कष्ट उठाया जाय ; किन्तु इसलिये है कि, उसको यथा अवसर आवश्यक कामों

[illegible]

काम और नाम

[illegible]

काम और नाम

कथापि खलु पापानामलमश्रेयसे यतः।
और पुण्यश्लोक यथा—

पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः।
पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः॥
कर्कोटकस्य नागस्य दमयन्त्या नलस्य च।
ऋतुपर्णस्य राजर्षेः कीर्तनं पापनाशनम्॥

इत्यादि नेकनामों के अनेक उदाहरण हैं। केवल अपने अपने काम ही से लोग नेकनाम हो गये। स्वर्गीय [illegible] ग्लैडस्टोन, विद्यासागर सरीखे देशहितैषी, लार्ड रिपन जैसे शासनकर्ता, शेक्सपियर मिल्टन कालिदास जैसे कवि, सब अपने काम ही से इन लोगों के बीच मानों जी रहे हैं और आचन्द्रतारक जीते रहेंगे। काम के द्वारा नाम करने के उपायों में किसी कवि ने एक यह उपाय भी लिखा है।

घटं भिन्द्यात् पटं छिन्द्यात् कुर्याद्रासभरोहणम्।
येन केन प्रकारेण प्रसिद्धः पुरुषो भवेत्॥

घड़े फोड़ डाले, कपड़े फाड़ डाले, गदहे पर सवार होकर चले, किसी न किसी तरह मनुष्य नाम हासिल करे। [illegible] जैसे बड़े बड़े नगरों में [illegible] देने भी हो गये हैं। कितने ही काम की बात सुन [illegible] के लिये मर मिटते हैं। [illegible] में हुई उजाला रहे। कितने [illegible] कोई नाम न रखे, एक की जगह कहीं [illegible] न पड़े कि सब लोग हंसें। नाम रखते हैं, नाम [illegible] हैं, नाम चलते हैं, नाम पड़ता है, नाम करते हैं, नाम [illegible] है, इत्यादि [illegible] मुहाविरे नाम के हमारे [illegible] को [illegible] हैं। पर इन सबके [illegible] करें उन्हें [illegible] रहना

है। ईश्वर न करे बुरे कामों के लिये किसी का नाम निकल ज दूसरा भी कोई बुरा काम करे तो भी नरक में पड़ने को जायगा। समाज में उसी की तरफ़ सब की ओर से अंगुल की जायगी जो बुरे कामों के लिये प्रसिद्ध हो चुका है। पुलिस उसी को तके रहेगी। मैजिस्ट्रेट साहब जुदा उसको हो रहेंगे। योंही भले काम के लिये नाम निकल गया तो चाहे भी कोई वैसा ही काम करे, किन्तु देशी परदेशियों में नाम का लिया जायगा। "करे सिपाही नाम सरदार का," "नामी कमा खाय नामी चोर मारा जाय।" जो बात बिना इस तरह काम की होती है वह बराय नाम की कही जाती है। इन दिनों सभ्यों में सभी सभ्यता बराय नाम को है। बुने कपड़ों के देशी कपड़ों की कदर बराय नाम को है। इस समय के ब्राह्मण द्विवेदी, त्रिवेदी, चतुर्वेदी आदि उपाधि बराय नाम हैं। विद्या रोज़गारियों में ईमानदारी बराय नाम है। कितनों का नाम के कारण है, तो भी नाम ऐसी वस्तु है कि, उनका नाम कैसा, वरन् ख़ुशामद करनी पड़ती है। ऊपर की बातों के गोबरदास, तिनकौड़ीमल, घिसरदास के नामों में कौन ख़ूबसूरती है। इत्तिफ़ाक़ से ऐसों के पास बहुत सा रुपया हुआ तो न तो वे आप पेट भर खाते हैं और न दूसरों को खाते देख सकते हैं और न उस रुपये से इस लोक परलोक का काम ही निकलता है। ऐसे लोग समाज में यहां तक समझे जाते हैं कि, सवेरे भूल से कहीं नाम ज़बान पर आ जा दिन का दिन नष्ट जाय। ऐसों से सरोकार केवल दाम ही के लोग रखते हैं और हाकिम रक्षा करने की भांति उसके जाना पड़ता है। अन्त में इतना और विशेष वक्तव्य है कि, और नाम दोनों का साथ साथ चलते रहने से तिस सकता

र्थात् दाम वालों को अपने कामों से नाम पैदा करना जैसा सहज है, वैसा औरों के लिये नहीं है।

स्वास्थ्य-रक्षा

ईश्वर प्रदत्त आनन्द की सामग्रियों में स्वस्थता (तन्दुरुस्ती) सब से बढ़कर है। एक नीतिकार ने संसार के छः मुख्य सुखों में से प्रथम इसकी गणना की है। दुःखों से दूर रहकर प्रकृति के दिये हुए स्वस्थ शरीर का आनन्द भोगना बहुत से धनाढ्यों के भाग्य में भी नहीं बदा है। बात यह है कि वही मनुष्य अपने शरीर को स्वस्थ रख सकता है जो प्रकृति के नियमों का अनुसरण करने में कटिबद्ध रहता है। बहुधा साधारण और धनाढ्य मनुष्य इन नियमों की ओर से असावधानी करते हैं जिससे वे सदैव दुःखी रहते हैं। इन नियमों को चाहे हम अज्ञानता से तोड़ें या अपनी उद्दण्डता से, इसका दण्ड स्वरूप दुःख हमको अवश्य भोगना पड़ता है। इसलिये उन नियमों को जानना और उनके अनुकूल चलना बहुत आवश्यक है। सबसे प्रथम इस बात का समझ लेना उचित है कि यदि स्वास्थ्यरक्षा के नियमों के अनुसार जीवन व्यतीत किया जाय तो बहुत से रोग उत्पन्न ही न हों। किसी रोग के होने पर चिकित्सा करने से यह अच्छा है कि उसे होने ही न दे। हमें सदैव ही अपने जीवन के सब कार्य्यों में और अपनी आदतों में संयम रखना चाहिये। हमें कार्य करने में न तो अपने अवयवों पर दबाव डालना चाहिये और न आलस्य का बोझ होना चाहिये। बुद्धिमान् मनुष्यों को सदैव बीच की राह चलना उचित [illegible] नी इन्द्रियों को अपने वश में रखना मनुष्यत्व का [illegible] इन्द्रियों के वश में पड़ जाना नीचे की ओर जाने [illegible]। अपनी इन्द्रियों के

विषय-भोग में भी समता का विचार रखो। अधिक विषय भोग दुःख का कारण है। भोजन सदैव रुचि के अनुसार करना चाहिये। भोजन जो पथ्य हो इतने परिमाण में खाना चाहिये जिसमें भूख मिट जाय। बहुत से मनुष्य पेट को अधिक भर लेते हैं, अर्थात् जितना वह पचा सकते हैं, उससे अधिक खा लेते हैं। यह आदत बहुत बुरी है। जिसका आमाशय ठीक नहीं रहता उसे रात को अच्छी तरह नींद नहीं आती, बेचैनी रहती है और बहुधा वह स्वप्न देखता रहता है। गरिष्ठ वस्तुओं को न खाओ। भोजन करने में जल्दी करना बुरा है। भोजन को खूब चबा कर निगलना चाहिये। रात को सोने से दो घंटे प्रथम भोजन करना चाहिये। पेट को खूब भर कर फौरन सो जाने से सुखपूर्वक निद्रा नहीं आती और भोजन अच्छी प्रकार से पक नहीं होता। भोजन करके थोड़े काल तक टहलना गुणदायक है। भोजन करने के समय प्रसन्नचित्त रहना और आनन्दपूर्वक स्वाद के साथ भोजन करना स्वास्थ्यप्रद है। पीने के लिये पानी शुद्ध और स्वच्छ होना चाहिये। उत्तेजना देने वाले पेय पदार्थ बुरे हैं। शराब को तो कभी भी न पीओ। पानी हमारे प्यास ही को नहीं बुझाता है, किन्तु हमारी पाचन-क्रिया में भी सहायता देता है। भोजन बनाने, नहाने-धोने आदि सब कामों में स्वच्छ पानी का व्यवहार करो। मैला पानी बड़ा हानिकारक होता है। हमें अपनी शारीरिक शुद्धि का बड़ा ध्यान रखना चाहिये। बिना स्नान किये रहने से हमारी त्वचा ठीक नहीं रह सकती। इसी त्वचा के लिये वस्त्रों का उपयोग किया जाता है। यद्यपि हम नङ्गे पैदा हुए हैं तो भी सभ्यता की दृष्टि से और ऋतु परिवर्तन के विकारों से बचने के लिये वस्त्रों का पहिनना आवश्यक है। वस्त्रों से हम अपने शरीर की शीतोष्णता से रक्षा करते हैं। दूसरे, शरीर के भीतरी और बाहरी अवयवों में बड़ा

सम्बन्ध है। जो हमारी त्वचा के लिये विष है, वह हमारे शरीरधारी अवयवों को भी विषवत् है। ईश्वर ने हमें इस बात की शक्ति प्रदान की है कि, जब जैसी ऋतु होवे, तब हमारी रहन-सहन वैसी ही हो जावे। हमें ठंढ से बचना चाहिये। ठंढ बहुत सी बीमारियों को पैदा करने वाली है। ऐसे कपड़े पहिनने चाहिये जिससे शरीर की प्राकृतिक गर्मी उचित रहे। स्वास्थ्यरक्षा के लिये कसरत करनी उतनी ही आवश्यक है जितना अच्छा भोजन करना। एक विद्वान् का कथन है कि, यह अच्छा नहीं जँचता कि, हम अपने मस्तिष्क को तो बी०, ए०, एम० ए० बना देवें और अपने शरीर के अवयवों को बुरी दशा में रहने देवें। कसरत से फेफड़े, हृदय और त्वचा के काम में सहायता मिलती है। यह पट्ठों को लंबा चौड़ा और दृढ़ बनाती है, पाचन शक्ति को सुधारती है। घोड़े पर चढ़ना और पैदल चलना फिरना भी कसरत ही का अङ्ग है। समता का सदैव ध्यान रखो। कसरत करते समय ठंढ न लग जावे, इस बात का ध्यान रखो। कहीं से आ कर एकदम शरीर के कपड़े न उतार देने चाहिये। स्वच्छ वायु प्राण के लिये बहुत आवश्यक है। उसके बिना प्राण ठहर नहीं सकते। शुद्ध वायु का सेवन सुलभ है। दूषित वायु रोग का उत्पादक है। मकान खूब हवादार होना चाहिये। स्वच्छता बहुत रोगों को नष्ट करने वाली है। मोरी का मैला पानी, सड़ी गली वस्तुएँ और मरे जानवर वायु को नष्ट कर देते हैं। मकान के आस पास गन्दगी को न रहने दो। मोरी और पाखाने स्वच्छ रखो। छोटे घर में अधिक मनुष्यों का रहना भी स्वास्थ्य के लिये हानिकारी है। स्वास्थ्य के लिये नींद भर सोना भी आवश्यक है। दिन भर हम जो काम किया करते हैं उससे हमारी शक्ति बहुत घट जाती है। रात को सात आठ घंटे सो रहने से फिर भी शक्ति का सञ्चार हो जाता है।

रात को १० बजे सोना और तड़के बहुत सवेरे उठना लाभदायक है। रात को बहुत देर सोकर, दिन चढ़े तक सोते रहना हानिकारी है।

अपने सिर को ठंडा और पैरों को गर्म रखना चाहिये। शराब इत्यादि मादक द्रव्य सेवन न करने से तुम्हारा सिर साफ़ और निरोग रहेगा। भोजन, वस्त्र, स्वच्छ वायु और निद्रा—इनका उपयोग नियमबद्ध होकर नियमित समय पर करते रहो। यदि तुम इनमें किसी की ओर से असावधानी करोगे तो रोग तुम्हारे पास आ जायेगा। ये सब बातें सुनने और पढ़ने की नहीं हैं, किन्तु इन सबको अभ्यास में लाकर रोगों से रक्षित रहना चाहिये। अपने शरीर को सुखी और दुःखी रखना हमारे ही ऊपर निर्भर है। अपनी अज्ञानता से हम सब आज कल बहुत क्लेश उठा रहे हैं। हममें से हर एक का धर्म है कि, अपने उन भाइयों का जिनका ज्ञान अल्प है, ज्ञान बढ़ावें और उनके दुःख दूर करने और उनके लिये सुख समृद्धि लाने में सहायता दें।

सफलता क्यों प्राप्त नहीं होती ?

हम लोगों में बहुत कम ऐसे लोग हैं कि, जो नये कार्य आरम्भ करने से पहिले उन कामों के सम्बन्ध में सब बातों की जानकारी रखते हों या उनके विषय में पूरा विचार कर लेते हों। बहुत उत्साह में आकर लोग एकदम कार्य आरम्भ कर देते हैं और ज़रा सी कठिनाई सामने आती है, तब निराश होकर उसे छोड़ देते हैं। किसी काम को बिना उसकी पूरी जाँच और जानकारी के न तो आरम्भ करना चाहिये और न थोड़ी सी कठिनाई सामने आने पर या थोड़ी हानि होने पर घबड़ा कर छोड़ना ही चाहिये। हम लोग दूसरों की देखा देखी बहुधा कार्य करने लगते हैं, पर

साथ साथ मकरन्द घोष आदि पाँच कायस्थ सरदारों को भी अपनी रक्षा के लिये ले गये थे। बङ्गाल के उच्च जाति के कायस्थ सब इसी मकरन्द और उसके साथियों के वंश से उत्पन्न हैं और इनके श्रेणी के तीन राढ़ीय श्रेणी के यहाँ वाले ब्राह्मण सब भट्टनारायण और उनके साथियों के वंश में हैं। इन पाँचों कायस्थों में से एक कालिदास मित्र के गुरु श्रीहर्ष थे। बंगदेशी इन्हीं श्रीहर्ष को नैषध के कर्त्ता कहते हैं, किन्तु ये वही श्रीहर्ष नहीं हैं। यदि ये वही श्रीहर्ष होते तो जब मम्मट भट्ट ने "काव्यप्रकाश" में "वेणी संहार" के बहुत श्लोक उदाहरण में दिये हैं, तब "नैषध" के श्लोक भी वे अवश्य देते। इससे मालूम होता है कि, नैषध वाले श्रीहर्ष भट्टनारायण के समकालीन न थे। इन ५ ब्राह्मणों के आने के पहिले वैदिक-आचार विमुख सतशत संख्यक ब्राह्मण सपरिवार यहाँ रहते थे। अब भी बंगाल में सप्तशती ब्राह्मण पाये जाते हैं। पर ये वहाँ कुलीन ब्राह्मणों में नहीं समझे जाते। इन पाँचों ब्राह्मणों के यज्ञ करने से आदिशूर राजा बड़ा प्रसन्न हुआ और राढ़ नामक देश में पंच गाँव धूसि में दे उन्हें वहाँ टिका लिया। पाँचों कायस्थों को भी रा पदें पद और जागीरें मिलीं। जो पाँच ब्राह्मण कन्नौज से बङ्गाल ऐ गये, उन्हें उनके कुटुम्बवालों ने मद्यभोजन में अपने साथ सा[…] किया। तब वे यहां से लौट आये और बंगाल ही में विवाह क[…] गौड़देश के निवासी हो गये। यह सुन उनकी पूर्व विवाहिता पत्नी कन्नौज में यहाँ आयीं। उन्हें आदिशूर ने गौड़देश के पास ही वारेन्द्र प्रदेश में टिका दिया। उनके वंशज वारेन्द्र श्रेणी के कह लाये। इस प्रकार पर राढ़ी और वारेन्द्र दो श्रेणी बङ्गाल के ब्राह्मणों की हुईं। उदयनाचार्य ने वारेन्द्र श्रेणी वालों की और देवीवर घटक नामक किसी ने राढ़ीय श्रेणीवालों की और पुरन्दर ने कायस्थों की कुलीनता स्थापित की। तभी से बंगाल के ब्राह्मण और यहाँ

ब्राह्मणों में कुलीनता की प्रथा निकली है। भट्टनारायण वृद्धावस्था में काशी सेवन के लिये काशी में आ गये और यहाँ बहुत से शिष्यों को विद्या पढ़ा संसार किया। उन्हीं शिष्यों के अनुरोध से "प्रयोग-रत्न" नाम का धर्म-शास्त्र का बड़ा उत्तम ग्रन्थ रचा जो अबतक प्रचलित है। काव्य-रचना में भट्टनारायण का केवल "वेणीसंहार" देखने में आता है, पर वीररस प्रधान यह नाटक रचना में बड़ा उत्कृष्ट दृश्यकाव्य है। दशरूप नामक ग्रन्थ जिसमें १० प्रकार के दृश्यकाव्यों का विवरण विस्तार के साथ लिखा है और साहित्य-दर्पण में भी जितने उदाहरण "वेणीसंहार" और [illegible] श्रीहर्षदेवकृत "रत्नावली" नाटिका के दिये गये हैं, उतने किसी नाटक के नहीं हैं। इससे विदित है कि ये दोनों ग्रन्थ नाटक रचना के [illegible] नियम और [illegible] हैं—सब से पूर्ण हैं। इससे मालूम होता है कि "वेणीसंहार" और "रत्नावली" के कर्त्ताओं ने [illegible] नाट्यशास्त्र [illegible] कारण है कि जितना ये दोनों नाटक [illegible] के उत्तम उदाहरण हैं, उतना दूसरा कोई नहीं है। [illegible] "वेणीसंहार" के [illegible] युधिष्ठिर मुख्य नायक हैं। [illegible]

कमाल करते हैं। इससे हम बहुत कुछ शिक्षा ग्रहण कर सकते ये जिन कार्यों को अपने हाथ में लेते हैं उनके पूर्ण करने परिश्रम और साहस करते हैं। अगम्य पर्वत के अफ़्रिका के महा उष्ण और जलहीन मरुस्थल में जाते हैं मय उत्तर ध्रुव की अगन्तव्य यात्रा करते हैं और संसार को लाभ पहुँचाने का आनन्द प्राप्त करते हैं। वह आनन्द का होता है, जिस दिन अपने परिश्रम का है। श्रम करने के प्रेमी ही संसार में आनन्दी जीव हैं।

श्रम करने से जो जी चुराते हैं, वे चाहे राजा भी हों, वे जीवन में वास्तविक आनन्द प्राप्त नहीं कर सकते। जो में हैं और दुःखी हैं, वे वेही पुरुष हैं जिन्होंने श्रम करने चुराकर अच्छे कर्म नहीं किये। कर्म करने ही से मनुष्य धर्म का पालन कर सकता है। धर्म को जानकर उस पर होने वाले ही धन्य हैं। श्रमहीन मनुष्य कहते हैं—

"सकल पदारथ हैं जग माहीं। कर्महीन नर पावत नहीं।"

अर्जुन ने श्रीकृष्ण द्वारा जब यह समझ लिया कि, कर्म मनुष्य का कर्तव्य है, तब ही वे महाभारत में युद्ध करने सन्नद्ध हुए।

कवि लांगफेलो (Longfellow) भी अपनी "साम लाइफ़" नामक कविता में यही तत्व निकलता है—

" Act act in the living present,
With heart within and God overhead"

एक नीतिकार कहता है—

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

एक महात्मा कहते हैं—"मृत्यु अटल है, फिर उसका आलिङ्गन क्यों न करें ? क्यों न मृत्यु ... हम गान करें ? प्यारी मृत्यु आओ, तुम मुझे ... तैयार पाओगी। जीवन भर सत्कर्म करते करते मुझे उठा ले जा। प्यारी मृत्यु ! तू मेरी सच्ची माता है। ... हमें गोद में लेकर भगवान् के सुपुर्द करेगी।"

यह सर्वस्वीकृत है कि, मनुष्य का जीवन कर्त्तव्य कार्य ही को है। कर्त्तव्य कर्म करने वालों का आत्मा प्रसन्न ... और इसलिये वे स्वतः ही आनन्द पाते हैं। कभी भी ... जीवन की परवा न करो ; किन्तु कर्त्तव्य कर्म किये जाओ ... ही से जीवन का सुख मिलता है।

मृत्यु के डर से शुभ कार्य तो करो, परन्तु ... घबड़ाने से काम नहीं चलेगा। जीवन के अन्त तक कार्य ... मन से ईश्वर को अपना रक्षक समझो।

श्रम करते करते थक जाना एक स्वाभाविक बात है। थकावट के दूर करने के लिये ही प्रकृति ने आराम ... चीज़ की है। लोहे का रेलवे एञ्जिन भी निरन्तर ... सकता। उसे भी ख़ास मुकाम पर पहुँच कर ... की ज़रूरत पड़ती है। फिर सुकोमल मानव शरीर आराम क्यों ... बिना आराम मनुष्य जी नहीं सकता। श्रम कर चुकने ... विश्राम का आनन्द प्राप्त होता है। काम वाले के लिये काम की भाँति सुस्ताने और आनन्द मनाने की भी आवश्यकता ... इसीलिये सब देशों के विद्वानों ने अपने अपने देश और धर्म के ... सार त्योहारों की प्रथा निकाली है। त्योहार के दिन आनन्द ... और आराम करना मनुष्य जीवन में सुखदायक और आयुवर्द्धक ...

[illegible] मनुष्यों के लिये [illegible] करने के लिये है। [illegible]

[illegible]

[illegible]

है। उद्यमहीनों को किसी बात में भी आनन्द नहीं
इसलिये श्रम करो और श्रम का फल-स्वरूप
आनन्द ही से जीवन व्यतीत करने का नाम जीवन
जीवन में आनन्द का दाता है।

मितव्ययिता ही धनाढ्यता है

एक विद्वान् और धनी पुरुष का कथन है कि,
आमदनी से धनाढ्य नहीं होता, किन्तु जो कुछ
उसे मितव्ययिता से यदि व्यय करता हो तो धनी बन सकता
धन का मनुष्य से वही सम्बन्ध है जो शरीर का
जब तक हमारा जीवन है, तब तक धन की आवश्यकता
इसमें जो आनन्द से जीवन व्यतीत करना चाहें, वे धनी
दरिद्र, अपनी आमदनी को सावधानता और
करना सीखें। जिस तरह कमाना कठिन है, उसी तरह
यथोचित व्यय करना भी कठिन है। अपनी आमदनी के
को मितव्ययिता ही से खर्च करने से जीवन व्यतीत कर

मितव्ययी बनने के कई एक सरल उपाय हैं।
का ध्यान रखो कि, जितना कमाओ उससे कम खर्च
मितव्ययिता का तत्त्व यही है कि, अपनी कमाई में से
भविष्यत् के लिये बचा रखा जावे। जो
कर डालता है, वह मूर्ख है और विपत्ति उसके ऊपर
तरह मँडराया करती है।

दूसरी बात यह है कि, जब कोई चीज़ खरीदो
तुरन्त ही नक़द दाम उसके दे दो। उधार करने से अधिक

नावश्यक चीज़ें ले ली जाती हैं। किसी दशा में कर्ज़ न करो। सा करने से मनुष्य में झूँठ बोलना, बेईमानी करना आदि दुर्गुणों भी आ जाने का डर है। किसी जगह से हमें इतना रुपया मिल यगा इस बात की आशा पर अपने हाथ का रुपया ख़र्च न कर लो, क्योंकि सम्भव है कि, उस काम में तुमको धन की प्राप्ति न और तुम्हें क़र्ज़ लेना पड़े। अपनी आमदनी और ख़र्च का ठीक क हिसाब रक्खो। ऐसा करने से मनुष्य बहुत सी बुरी बातों से चता है। हिसाब मितव्ययी बनने की अक्षर-दीपिका है। जो ज़ूलख़र्च हैं। उन्हें हिसाब रखते आलस्य मालूम होता है। न्तु जो धनी होना चाहें, उन्हें मितव्ययी बनना चाहिये। धनवान् लिये हिसाब किताब रखना ही आवश्यक है।

एक अङ्गरेज़ पादरी रोज़ अपना हिसाब किताब लिखता था। व वह बहुत बुड्ढा हो गया तब उसने अपने कँपकँपाते हाथ से पनी हिसाब की किताब में एक दिन यह लिखा—"७० वर्ष से धिक काल तक मैंने अपना हिसाब बिलकुल ठीक रखा। किन्तु व मैं और अधिक रखना नहीं चाहता, क्योंकि अब मुझे यह भ्यास हो गया है कि, जो कुछ मैं बचा सकता हूँ, सब बचा लेता । जितना ख़र्च करना उचित है, उतना ख़र्च भी कर देता हूँ।" स ऊपर की बात से हमें यही शिक्षा लेनी चाहिये कि, हिसाब किताब रखना मनुष्य को फ़ुज़ूलख़र्च बनने से बचाता है। मनुष्य क दिन बहुत बातों में व्यर्थ व्यय कर आवे तो हिसाब लिखने पर और सब का जोड़ लगाने पर उसको एक बड़ी रक़म के अपने ास से ख़र्च हो जाने का ध्यान आवेगा और अवश्य दूसरे दिन छ कम ख़र्च करने का विचार रखेगा।

कुछ बड़े आदमी इन बातों में अपनी अप्रतिष्ठा समझते हैं, पर ह समझना भूल है। मनुष्य चाहे जितना बड़ा हो उसका यह

काम है कि, अपने निज के कामों में मन लगावें। ... में अपनी दूरदर्शिता, बुद्धिमत्ता और विद्या को काम में ... अङ्गरेज़ी की एक कहावत है कि, "यदि तुम पेन्सों की ... करोगे तो शिलिङ्ग अपने आप तुम्हारे पास रहने लगेंगे।" अपनी आमदनी में से मनुष्य को आधा ... रुपया बचाना चाहिये। मनुष्य को छोटे छोटे खर्चों पर भी ... रखना चाहिये और प्रत्येक विषय में यथोचित खर्च ... खर्च करने के समय इस बात का भी ध्यान रखना ... तुम्हारे ज़रूरी और उचित खर्चों में कमी न हो। पेट काट ... रुपया इकट्ठा करना और कंजूस मक्खीचूस कहाना भी ठीक नहीं ...

बिना मितव्ययी बने न कोई पुण्यदान कर सकता है ... कुँआ बावड़ी खुदवा सकता है। न कोई उदारता और ... का सच्चा परिचय दे सकता है। न अपने ... रक्षा का उपाय कर सकता है। सभा सोसाइटी, ब्याह ... सब काम मितव्ययिता ही से चलते हैं। जो ... पहिले तो खूब मौज उड़ाते हैं, अन्त में थोड़े दिनों पीछे ... हुरि से गिर जाते हैं और छोटी छोटी नौकरी करते या भीख ... फिरते हैं। जितने बड़े बड़े विद्यालय, कारखाने, ... अनाथालय आप देखते हैं, वे सब मितव्ययी सज्जनों ... हुए हैं।

बुद्धिमान् से बुद्धिमान् मनुष्य भी बिना मितव्ययी बने, ... लड़के बालों को नहीं पाल सकता, न उनको शिक्षा देकर ... ही बना सकता है। सचमुच दुनिया के सब काम धर्म को ... के रुपये पैसे ही से चलते हैं।

फ़िज़ूलखर्च बहुधा वे ही देखे जाते हैं, जिन्हें उचित ... मिलती है। वे ही बुरे शौकों में फँस कर फ़िज़ूलखर्ची

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

सम्पत्ति की वृद्धि का कारण मेरी युवावस्था की मितव्ययिता ही है। मितव्ययिता ही पारस पत्थर है जिसके छूने से धन, पूर्व इस्... अमेरिका के प्रसिद्ध पुरुष फ्रैंकलिन ने कहा है—"काम कर... और परिश्रम में दत्तचित्त रहना निस्सन्देह उत्तम है। परन्तु... भी अधिक आवश्यक यह है कि, मनुष्य हरदम मितव्ययिता... विचार रखे। जो मनुष्य धन का कमाना तो जानता है, कि... उसकी रक्षा करना नहीं जानता, वह जीवन के खजाने खाली... ही व्यस्त रहता है और चलते समय कुछ नहीं छोड़ जाता है।"

वही मनुष्य सौभाग्यशाली और पराक्रमी है जो सदा... धन कमाकर अपने भाइयों और देशवासियों के लाभ के लिये... छोड़ जाता है। परमेश्वर ने टेव या स्वभाव में यह शक्ति... की है कि, मनुष्य हर प्रकार का काम इसकी सहायता से... सिद्धमन और दुःख के कर सकता है। इसे हर कोई सरल... फ़ुज़ूलख़र्ची की आदत डाल लेता है, उसी तरह यदि वह... तो मितव्ययिता की आदत भी डाल सकता है। किसी से... रुपया भी क़र्ज़ लेना बुरी बात है। जो आदमी ऐसा करता है... अपनी मनमनसाहन और स्वतन्त्रता को खोता है। जो... अपनी रूखी सूखी रोटी खा कर पानी पीता है, वही सुखी है। धनाढ्य होकर जो क़र्ज़दार है, वह कदापि सुखी नहीं है।

अरब देश की कहावत है कि, ऋण मुहब्बत की कैंची... चीन वाले कहते हैं कि, क़र्ज़ प्रतिष्ठा की दुश्मनी है। महाभारत... ऋणी पुरुष को महादुःखी बनाया है। फ्रैंकलिन क़र्ज़ लेने... को गुलामों की श्रेणियम में मिलाता है। इससे यह स्पष्ट है... क़र्ज़ लेना बुरी बात है। जो मितव्ययी नहीं है, वह ज़रूर क़र्ज़ ले... इससे मितव्ययिता का सदैव ध्यान रखे। विद्वान् का कथन है

यदि तुम अपना व्यय अपनी आय से कम रख सकते हो, तो समझ लो कि, पारस का पत्थर तुमने प्राप्त कर लिया।

सन्तान

मनुष्यों को सन्तान से बड़ा प्रेम होता है। ऐसा कोई संसारी पुरुष नहीं जिसे पुत्र व कन्या की इच्छा न हुई हो। विवाहिता दम्पती को सन्तान के मुखदर्शन की बड़ी आकांक्षा रहती है। पुत्र व कन्या के मुख को देख कर जैसा आनन्द होता है उससे अधिक आनन्द पुत्र व पुत्री को सुखी और निरोग देखकर होता है हमारे देश में अविद्या ने ऐसा घटाटोप डाला है कि, हम अपनी सन्तान का लालन पालन करना भूल से गये हैं। सन्तान का पालन हमारी अशिक्षित स्त्रियाँ करती हैं। इससे अनेक बालक पालन पोषण ही में चल बसते हैं। जो बच कर जीवित रहते हैं, उनकी दशा अच्छी नहीं होती। शारीरिक, मानसिक और आत्मिक उन्नतियों से वह वञ्चित रहते हैं।

और देशों की तरह हमारे यहाँ के माता पिता भी अपनी सन्तान की उन्नति चाहते हैं। उन देशों के लोग उनको यग्य बनाने में बड़ी सहायता करते हैं; किन्तु अपनी अविद्या से यहाँ के लोग अपनी सन्तान को अवनति की ओर ढकेलते हैं। ऐसे मनुष्य कम पाये जाते हैं, जो अपनी सन्तान की प्रकृत भविष्य उन्नति करने में उदासीन न हों। पुत्र का घर में जन्म लेना एक सुख की बात है, किन्तु बिना शिक्षा दीक्षा के उस पुत्र से हम कदापि सुख नहीं उठा सकते हैं। जो सन्तान का सुख उठाना चाहें उनका धर्म है कि, वे सब से प्रथम अपनी सन्तान के चरित्र के उन्नति साधन में मन लगावें। उसके पश्चात् विद्या-शिक्षा द्वारा उसकी मानसिक उन्नति

में दत्तचित्त हों। फिर उन्हें गृहस्थ के ... सन्तान का प्रकृत सुख भोगने के अधिकारी बन ... सकते हैं।

बच्चों का स्वभाव प्रायः उच्छृङ्खल होता है। जो उनके म... भाता है, वे वही करते हैं। उपदेश, शिक्षा और शासन द्वा... उनका सुधार हो सकता है। बालक को मारना पीटना उचि... है। पहिले उन्हें उपदेश और शिक्षा द्वारा समझाने की चेष्टा... जब इन दोनों बातों से भला फल न मिले तब उसको द... समय आप क्रोध के वश में न हो जावें, किन्तु क्रोध को वश... में करके बच्चे को दण्ड दें। सन्तान को सन्मार्ग में लाने के... उपाय हैं उनमें दण्ड देना सब से निकृष्ट है। दो चार वर्ष... बच्चों का ताड़न करना वृथा है। मारने पीटने से बच्चों क... सिक सद्वृत्ति बिगड़ती है। इससे बहुत सोच समझ क... पर हाथ उठाना चाहिये।

लड़कों को भली और बुरी दोनों बातों को खूब सम... चाहिये। बुरी बातों की ओर से उनके जी में घृणा प... उचित है। कुसंग बच्चों को बड़ा बिगाड़ता है। उनसे ... दूर रखना चाहिये। कुसंगति से क्या क्या दोष होते ... कैसे आत्मरक्षा करनी चाहिये, ये सब विषय बच्चे के क्षेत्र... में अंकित कर देने चाहिये। जब उनके मन में कुसंग... हो जायगी, तब वह स्वयं कुसंग से बचने में बलवान... बालक धन्य हैं, जिनके हृदय में कुसंगति के प्रति घृ... हो गयी है।

जब सन्तान पन्द्रह सोलह वर्ष की हो जाये, तब उ... का सा व्यवहार करे। उस समय उसे संसार के ना...

परिचय करा देना उचित है; किन्तु बुराई और भलाई का ज्ञान उसे सब विषयों में कराता चले। बुरे बालकों और दुष्ट पुरुषों की संगति से पुत्र को दूर रखे। दया, शील, परदुःख-कातरता, भगवान् में भक्ति, प्रीति और कृतज्ञता आदि सद्गुणों का बालकों को सिखलाना चाहिये। इन विषयों में अभ्यास कराने से सच्चरित्रता की वृद्धि होती है, जीवन का कर्तव्य क्या है और लक्ष्य क्या है, इन सब बातों को समझाने के लिये उसे योग्य बनाना चाहिये। रुपये पैसे का मानव जीवन से क्या संबन्ध है और रुपया पैसा कैसे व्यय करते हैं और कैसे जमा करते हैं, इसकी शिक्षा देनी चाहिये। सत्पुरुषों के जीवन चरित्र इन विषयों में सहायता करने वाले हैं।

उत्तम और पवित्र चरित्र होकर भगवान् की कृपा का अधिकारी बनना जीवन के लिये परम सौभाग्य की बात है। जो प्राणी कृतज्ञ हृदय से जीवन में प्रभु की कार्य्यकुशलता और दया का अनुभव करते हैं उनके समान संसार में कौन सुखी हो सकता है! बाल्यकाल में धार्मिक शिक्षा की बड़ी आवश्यकता है। बचपन में मनुष्य बहुत ही अनुकरणप्रिय होता है। ज्यों ज्यों वह बढ़ता जाता है त्यों त्यों अनुकरण की प्रीति कम होती जाती है। इसी से माता पिता को बहुत सावधान रहना चाहिये, उनके सामने कोई अन्याय कर्म या झूठ बात न बोलनी चाहिये। उनके आगे सब काम न्याय और सत्य मर्यादा के भीतर ही करने चाहिये। सच तो यह है जैसा तुम अपनी सन्तान को देखा चाहते हो वैसे ही स्वयं बनो।

लड़कों और लड़कियों दोनों के पालन और शिक्षा में समान ही दत्तचित्त होना आवश्यक है। विलायत में ऐसी शिक्षा दी जाती है जिससे कभी कभी कोई कन्या आजन्म कुमारी रहती है और

परोपकार में रत रहती है। किन्तु हमारे देश में यह बात नहीं; लड़कियों को घर के काम काज और सन्तान के पालन पोषण की शिक्षा देनी उचित है। इसके साथ ही श्वसुरालय में उनको क्या करना चाहिये। श्वसुर, सास और पति से उनका क्या सम्बन्ध है, ये सब विषय उन्हें हृदयङ्गम करा देने चाहिये। आज कल हमारे घरों में अनेक झगड़े टंटे उचित शिक्षा न होने से हो रहे हैं। विद्या शिक्षा के द्वारा मानसिक वृत्ति विकसित होती है, मौखिक उपदेश या अन्य उपाय से ऐसा करना कठिन है। शिक्षा के द्वारा हृदय मार्जित होने से संसार सुखमय बन जाता है।

लड़कों को विद्या से विभूषित करना सब मानते हैं। अशिक्षित पुत्र माता पिता के सदाचार का प्रायश्चित्त स्वरूप है। स्वच्छन्दता के ग्रहण करने से जीवन में जितना सुख मिलता उतना और किसी चीज से नहीं मिलता। विद्याविहीन और गुणहीन सन्तान की अपेक्षा, विद्वान्, सभ्य चरित्रवान् सन्तान अधिक सुखकारक है। जिस परिवार में सब सदाचारी और शिक्षित हैं उस घर में दुःख नहीं आता। जिसका मन जितना उन्नत है उतना ही अधिक सुखी है। सन्तान का यथार्थ सुख उन्हें शिक्षित बनाने ही से मिल सकता है।

चरित्रहीन और अशिक्षित सन्तान के पिता माता होने के बराबर दुःख और नहीं है। इस दुःख पाने से सन्तानहीन रहना अच्छा है। एक कवि ने कहा है—

> कोऽर्थः पुत्रेण जातेन यो न विद्वान्न धार्मिकः।
> काणेन चक्षुषा किं वा चक्षुः पीडैव केवलम्॥

जो न पण्डित है और न धार्मिक है, ऐसा पुत्र उत्पन्न होने से किस काम का? जैसे कानी आंख से कुछ काम नहीं निकलता, केवल आँख में पीड़ा ही होती है।

चाह

"चाह घटी चिन्ता गयी, मनुआ बेपरवाह।
जाहि कछू ना चाहिये, सो साहनपति साह ॥"

इस दोहे में जो भाव प्रकट किया गया है, वह एक अंश में अच्छा है, परन्तु सर्व अंशों में यहां के लोगों के लिये हानिकारी है। अच्छा तो उनके लिये है जिनको बड़ी तृष्णा है और जो रात दिन तृष्णासागर में निमग्न रहकर तरह तरह के दुःख उठाते रहते हैं। वे इस दोहे से कुछ शिक्षा ग्रहण कर अपने मनःकष्ट को दूर कर कुछ शान्ति लाभ कर सकते हैं। परन्तु जो लोग पुरुषार्थहीन और आलसी हैं, वे ऐसे सिद्धान्त हृदय में धारण करके उलटा अपना बिगाड़ कर सकते हैं। जगत् में जो कुछ नूतन आविष्कार और मेलजोल हो रहे हैं और जो कुछ उन्नति सब बातों में हो रही है, यह कुछ भी न हो यदि उन बातों की चाह न हो। इसलिये जैसा भाव इस दोहे में दिखाया गया है, वह आजकल के समय में भारतवर्ष के लिये किसी तरह उपयुक्त नहीं है। यहां पर तो उत्साह, उद्यम और अध्यवसाय की बड़ी कमी है, इसलिये साढ़े तीन सौ चार सौ वर्ष के भीतर के समय में संसार की असारता और पारलौकिकता के भाव पैदा करने वाले सिद्धान्त जो इन लोगों में फैल गये हैं, उनको दूर करने का उद्योग करना चाहिये। जो संसार को असार मान लेगा, वह सांसारिक बातों में क्या उन्नति करेगा? या जो अपने को महासन्त लेगा, उसको फिर किस उन्नति की आवश्यकता रह गयी? या जिन्होंने यह समझ लिया कि जिस परमेश्वर ने गर्भ में पालन किया, वह अब भी हमको बिना हाथ पैर हिलाये आहार देगा; जो जल में, थल में, नभ में, सब प्राणियों को आहार पहुँचाता है, वह अवश्य हमारी भी सुधि लेगा।

"अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम।
दास मलूका यों कहें, सबके दाता राम।"

ऐसे ऐसे विचार के लोगों ही ने कुछ भी उद्यम न अपने खान पान और जीवन निर्वाह का भार दूसरों पर [illegible] शक्तिशाली आर्यावर्त को बुद्धि हिन्दुस्तान बना [illegible] आर्यावर्त के लिये दूसरे देश वाले कहते थे कि वहाँ घी की नदियाँ बहती हैं, वहाँ के लोगों का उदरपूर्ण अब अंग्रेजों ईसाइयों की खैरात पर होता है। हिन्दुस्तान [illegible] दोनों काल भोजन करना जानते ही नहीं। करोड़ों लड़के लड़की ऐसे हैं, जिनको एक काल भी भर पेट १५ दिनों में नहीं मिलता। ऐसे लोग कागज के दिनों भोजन कर लेते थे, परन्तु अब अकाल की सी महँगी दिनों में रहने लगी। क्या अब भी हमको अपने निर्वाह के लिये कुछ उद्योग न करके कीड़े मकोड़े की तरह रहना चाहिये? नहीं, कदापि नहीं। अब ऐसा समय आ [illegible] कि, अब यदि हम लोग उद्योग न करेंगे और हाथ पर [illegible] बैठे रहेंगे, तो हमारा नामोनिशान ही दुनिया से मिट जायगा।

हमारे विचार में चाह अच्छी है और सदैव अच्छी की चाह होनी चाहिये, परन्तु अनुचित बातों की चाह ह[र] में बुरी है। असम्भव बातों की चाह भी बुरी है। असम्भव की चाह करके कभी कष्ट न उठाना चाहिये।

मन में जब अनुचित चाह उत्पन्न होती है तब हमें इस विचार नहीं रहता कि अमुक पदार्थ जिस पर मैं मोहित [illegible] प्राप्त होगा या नहीं और मेरे योग्य है या नहीं। केवल [illegible] का उत्पन्न होना [illegible] ही विशेष करके दुःख [illegible]

रन इच्छित-वस्तु में तन्मलीन हो जाता है और उसके चारों ओर उसीका चित्र घूमने लग जाता है। जिधर दृष्टि जाती है उसी प्रेम-प्रतिमा का ध्यान आता है। निदान अधिक चाह के कारण पशुवत् लोग अपने रूप को भूल अनेक प्रकार के अपमान, निन्दा और ईर्षा भी सहते हैं।

विषयवासना अर्थात् विषय भोग की चाह सदैव दुःखदायिनी है। विषय भोग से मनुष्य को कभी तृप्ति नहीं होती, यथा—

"न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्द्धते॥"

कामना भोग से शान्त नहीं होती। अग्नि में घृत पड़ने से जिस प्रकार वह प्रचंड होती है, उसी प्रकार विषय तृष्णा भी भोग विलास से बढ़ती है। जिसको विषयी जन तृप्ति मानते हैं वह तृप्ति क्षणिक है। अल्पकाल ही में पुनः चाह द्विगुण हो जायगी। जैसे अग्नि में एक साथ अधिक घृत डालने से प्रथम ऐसा ज्ञात होता है कि अग्नि कुछ मन्द पड़ गया, परन्तु क्षण भर में ही प्रचंड ज्वाला निकलने लगती है; इसी भाँति अभीष्ट वस्तु से क्षण मात्र शान्ति मिल जाती है, परन्तु सदा अखंड सुख कभी नहीं मिलता। इसलिये विचारशील पुरुषों को उचित है कि किसी काम्यवस्तु पर अपने चित्त को मोहित न होने दें। मोह ही दुःख का कारण है, चाह से उत्पन्न होकर मोह मनुष्य को दुःख के भँवर में डालता है। मन के अपने वश में होने से इन्द्रियों का दमन हो सकता है और फिर मनुष्य दुःखदायी अनुचित विषय विलास से बच सकता है।

विषय भोग की चाह मनुष्य को सदैव दुःख देने वाली है। इससे विषय विलास के पदार्थों की चाहना कभी भी करनी उचित

हमें आज के दिन कोई न कोई ऐसा काम जरूर करना चाहिये, जिससे हमारा और हमारे देश का उपकार हो। आज काम करने लिये एक कवि कहता है—

"काल करो सो आज कर, आज करो सो अब।
पल में परलय होयगी, फेर करोगे कब॥"

वास्तव में आज का दिन एक बड़ी चीज़ है। कोई आलसी आदमी कहा करते हैं कि आज नहीं कल लेंगे, पर कहिये तो क्या यह बता सकते हैं कि आज का दिन छोटी बात है? आज के दिन हजारों लाखों रुपयों का लाखों रुपये का नफा-नुकसान हो जायगा। वह देखो, [illegible] परलोक यात्रा कर गये। आज कितने ही घरों में पुत्रों [illegible]

मातृ-भक्ति

माता के शब्द में न जाने ईश्वर ने कैसा माधुर्य है कि, वह जिस शब्द में आ मिलता है। उसी शब्द में सरसता, विचित्र माधुर्य तथा हृदयग्राही है। जैसे मिश्री की डली दूध, पानी आदि किसी भी जाय, वह वहां ही मीठापन पैदा कर देगी। कहता है कि, यदि मुझसे पूछा जावे कि, संसार के भाषा में सबसे मधुर शब्द कौनसा है, तो मैं के कोष में वही शब्द सबसे अधिक मीठा है अपनी जननी को पुकारता है। रोते हुए बालक

[illegible] हैं [illegible] सुख और [illegible] मनुष्य के [illegible] ही [illegible] [illegible] [illegible] नहीं है। [illegible] मनुष्य में [illegible] नहीं है।

[illegible] में संसार भर की अपेक्षा [illegible] में अनुभव [illegible] ही है। [illegible] नहीं [illegible] और [illegible] [illegible] भी [illegible] है। संस्कृत में [illegible], हिन्दुस्तान की अनेक भाषाओं में [illegible] और [illegible], [illegible] में [illegible] और फारसी में [illegible], [illegible] की [illegible] है। [illegible] में एक ही है। [illegible] की [illegible] ही [illegible] है।

तीनों [illegible] का सम्बन्ध निश्चित है। इनके [illegible] में [illegible] ([illegible]) [illegible] है। एक ही शरीर में [illegible] है। [illegible] है। [illegible] है। [illegible] ही [illegible] रहता है। मनुष्य [illegible] की [illegible] और [illegible], [illegible] संसार को चलाते हैं। परन्तु [illegible] का [illegible] कर सकता है, [illegible] और उनके [illegible] से मुस्कराते [illegible] हृदय में [illegible] करते हैं?

हि० हि० मि०—

इसमें सन्देह नहीं कि, पति पत्नी का बन्धन बड़ा दृढ़ और चिरस्थायी होता है। परन्तु बालक माता ही का एक भाग है। जन्म लेने पर ही बालक माता से अलग दीख पड़ता है। माता और बालक का सम्बन्ध फिर भी दृढ़ रहता है। बालक में जीवन न होने ही तथा उसके संसार में आने पर माता ही उसकी एक पालन पोषण करने वाली शक्ति है। माता और सन्तान का निविड़ सम्बन्ध है, इस सम्बन्ध की बराबरी संसार का कोई सम्बन्ध नहीं कर सकता है। पिता का गौरव माता से दूसरे दर्जे पर रखा है, इसलिये ही माता पिता उच्चारण किया जाता है। पिता माता कोई नहीं कहता। माता सी वस्तु संसार में और कोई नहीं है। वेद में भी पहिले मातृमान् है, पीछे पितृमान् और उसके पश्चात् आचार्यवान्। इससे भी माता का दर्जा बहुत बड़ा ज्ञात होता है। मनु जी महाराज ने भी मनुस्मृति में माता की प्रतिष्ठा पिता से हज़ारगुणे अधिक लिखी है। मातृभूमि हमारी माता की माता और हम सब देशवासियों की माता है। उसकी गोद में हम पल कर पुष्ट हुए हैं। जो अपनी मातृभूमि का प्रेम करना नहीं जानते, क्या वे मनुष्य कहलाने के योग्य ठहर सकते हैं?

एक अंग्रेज़ कवि कहता है—"क्या कोई ऐसा आदमी मनुष्य है, जो अपनी मातृभूमि का नाम प्रेम से नहीं लेता? जिसे अपनी मातृभूमि से प्रेम और अनुराग नहीं है, वह मनुष्य जीवित कदापि नहीं कहा जा सकता।" मातृभूमि की ममता पशु पक्षियों तक पायी जाती है। क्या एक भौंरे की कहानी सुनी है, जिसने अपनी मातृभूमि के वियोग में छटपटा कर अपना प्राण छोड़ दिया था। मातृभाषा मातृभूमि की मधुर भाषा है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का धर्म है कि अपनी मातृभूमि और मातृभाषा की रक्षा करें और उसका सम्मान करें। मातृभूमि की धूल से संसार

के अग्निकुण्ड तुल्य है। मातृभूमि की पवित्र धूल को शिरोधार्य करो। वही हमें मातृ पूजन करने योग्य बनावेगी। क्या अपनी माता को भूल जाने से कोई सुख पा सकता है? माता से जन्म पाने की बात कभी मत भूलो, नहीं तो एकाएकी लड़खड़ाओगे। मनुष्यत्व के शृङ्ग से गिर जाओगे। बहुत सँभल कर चलने का अवसर है। हमारी मातृभूमि हमारी सच्ची माता है। हम चाहे कभी कपूत बन जायँ, परन्तु माता कुमाता कभी नहीं हो सकती। हमारी इस मातृभूमि ने बड़े बड़े प्रतापवान् एवं तेजधारी पुत्र पैदा किये हैं। यह हमारे पुरखाओं की माता है। हमारे श्रीराम और श्रीकृष्ण इसकी भूमि में खेले हैं। व्यास, वाल्मीकि, कालिदास, प्रताप, शिवाजी, कुमारिल भट्ट, शङ्कराचार्य प्रभृति महाशय सब इसकी सन्तान थे, जिन्होंने अपनी योग्यता से संसार भर को देदीप्यमान कर दिया था। दर्शन, उपनिषद्, सब हमारी माता की सन्तानों ही के रत्न हैं। जो अपनी मातृभूमि की सेवा करने से मुँह मोड़ते हैं, उनके समान पापी कौन है?

मातृभूमि का जो ऋण हमारे ऊपर है, उसको भूलना कदापि उचित नहीं है। मातृभूमि को दुःख में, सुख में, देश में, परदेश में कभी न भूलो। स्मरण रहे कि माता के आशीर्वाद तथा शाप दोनों में बड़ी शक्ति है। हमारा कर्त्तव्य है कि जिस मातृभूमि का अन्न खा कर हमारे पुरखा पले थे, जिस मातृभूमि में हमारे माता पिता ने हमें जन्म दिया है, जिसका पानी और फल खाकर हम अपनी जीवन-यात्रा चला रहे हैं, उस मातृभूमि की सेवा में हम तन मन धन अर्पण करें। मातृभूमि की सेवा हम कैसे करें? यह बात हम सब उन्नत देशवासियों तथा अपने शासक अँगरेज़ों से बहुत कुछ सीख सकते हैं। एक सुपुत्र बेटे को देखकर कुपुत्र बेटा भी सुधर सकता है। आज हम अपनी माता का सम्मान और पूजा भूल

गये। मातृभूमि की सेवा करना भूल गये। सभ्य जातियों ही में अपना सम्मान बनाये रखने के लिये मातृभूमि की पूजा करना ही एक मात्र उपाय है। अपने भाइयों की रक्षा और मातृभूमि की सेवा के लिये तन मन धन अर्पण करो। प्राण तो देह पिंजर से एक न एक दिन निकलेंगे ही, अच्छा हो कि मातृभूमि की सेवा करते करते यह निकलें, जिससे अशान्ति दूर हो, राजा प्रजा में भेदभाव का पूर्ण विनाश हो, देश की दरिद्रता मिटे, विद्या का प्रकाश हो। इसके लिये प्राणपण से चेष्टा करना ही मातृभूमि की सच्ची सेवा है। एक कवि कहता है—

जननी अरु निज भूमि को, यह प्राण हू से देय।
जाको सेवा करन को, प्राण न कछु अपरेय॥

जीवन का लक्ष्य

एक विद्वान् ने एक ग्रन्थ में लिखा है—"प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन का कोई लक्ष्य स्थिर करना चाहिये। ऐसा करने से मानव जाति की बहुत कुछ उन्नति हुई है और आगे भी उन्नति होनी सम्भव है। यदि इस कथन पर विचार किया जाय तो यथार्थ ही ज्ञात होता है। जितने बड़े मनुष्य हुए हैं और जिनकी कीर्ति-पताका आज भी फहरा रही है, वे सब इस श्रेणी के मनुष्य थे। इनके जीवन चरित्र इस बात को पुष्ट करते हैं कि, बड़ी बड़ी विपत्तियों से जम कर सामना करने के पश्चात् उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया था।

बचपन, युवावस्था और वृद्धावस्था हमारे जीवन की तीन दशा हैं। हमारा बचपन जीवन-संग्राम के लिये तैयार होने की तैयारी में व्यतीत होता है। इस अवस्था में हम इसी

[illegible]

[illegible]

[illegible]

हटना चाहिये । नीचा लक्ष्य स्थिर करने से मनुष्य नीचता को प्राप्त हो जाते हैं । जिन लोगों ने अपना लक्ष्य रुपया कमाना ही बना रखा है, वे पशु से अधिक काम अपने जीवन में नहीं कर सकते । जो जितनी स्वार्थपरता में लिप्त रहता है, वह उतना ही नीच हीन होता है । वेश्यागामी अपनी स्त्री और सन्तानों को भूखों मार कर कुकर्म किया करता है । लक्ष्य स्थिर करने में बड़ी सावधानी से काम लो ।

महान् चरित्र वाले पुरुषों के जीवनचरित्र पाठ करने से लक्ष्य स्थिर करने में बड़ी सहायता मिलती है । उनसे ज्ञात होता है कि इन महात्माओं ने अपना लक्ष्य क्या स्थिर किया था । उनके जीवन में कितनी रुकावटें आयीं, कै बार उनको निराश होकर बैठना पड़, कैसे उन्होंने धैर्यपूर्वक काम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया । "कार्यं साधयेयम् वा शरीरम् पातयेयम् वा" इस मंत्र का उन्होंने कहाँ तक साधन किया था । लक्ष्यहीन मनुष्य उस पतवारहीन नौका के समान है, जो चलने की पूर्ण सामग्री रखने पर भी यह नहीं जानता कि मुझको कहाँ जाना है । लक्ष्यहीन मनुष्यों को बुद्धिमान् लोग मस्तक विहीन वाले मनुष्यों के समान समझते हैं । ऐसे लोग अबूझों का सा काम करते हैं । जैसे बालक बिना सोचे खिलौनों को देख कर, दूसरा की चाह नहीं करते, बार बार जीवन के लक्ष्य को बदलने वाले मनुष्य भी ठीक उसी प्रकार के हैं, जो कि वस्तुओं के गुण दोष पर विचार न कर, उनकी बाहरी चमक दमक ही से मुग्ध हो लुभा जाते हैं । जीवन के किसी एक लक्ष्य पर बिना स्थिर किये ही उस पथ में चलने से बड़ी बड़ी कठिनाइयों की सम्भावना रहती है, इसलिये सदैव ही जीवन-क्षेत्र में प्रवेश करने के पहले बहुत मनन कर सिद्धान्तों की सम्मति अनुकूल प्रत्येक मनुष्य को एक सच्चा लक्ष्य स्थिर करना चाहिये ।

लक्ष्य के प्राप्त करने में बड़े यत्न की आवश्यकता है। कभी कभी इसमें प्राणहानि भी हो जाती है। परन्तु लक्ष्य के साधक ऐसी बातों से ज़रा भी नहीं हिचकते। सत्कार्य्य में मरना भी पवित्र मृत्यु की गोद में बैठकर कीर्त्ति के मुकुट को धारण करना है। जो योद्धा संग्राम भूमि में जय प्राप्ति और देश के गौरव के लिये तन मन त्याग देते हैं, क्या वे प्रतिष्ठा के पात्र नहीं हैं? हमारे शास्त्रकारों ने ऐसे ही वीर पुरुषों के लिये स्वर्ग की प्राप्ति बतायी है। मजनूँ का लक्ष्य लैली को प्राप्त करना था। क्या वह उसके साधन में अपने शरीर का रक्त तक दे डालने में हिचका? सुकरात का लक्ष्य सत्य का प्रचार करना था। क्या उसके साधन में उसे हलाहल का प्याला नहीं पीना पड़ा? श्रीरामचन्द्रजी का लक्ष्य " परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् " था; इसके लिये उन्होंने वनवास कर, कितने दुःख झेले; परन्तु लक्ष्य को न छोड़ा, राक्षसों का विनाश कर सुख शान्ति को स्थापन किया।

कोई कोई काम किसी सज्जन द्वारा किया अच्छा और दुर्जन द्वारा किया बुरा कहा जाता है। इससे काम की उत्तमता व निकृष्टता काम करने वाले के चरित्र पर भी निर्भर है। सच्चरित्रता मनुष्य की मनुष्यता की नींव है। इसी पर जीवन की इमारत खड़ी होती है। इससे कैसा ही काम करना पड़े लक्ष्य तुम्हारा उच्च और उदारता पूर्ण होना चाहिये। लक्ष्य के साधन के लिये काम करना बड़ा आनन्ददायक होता है, और निश्चित कार्यों के पूर्ण होने पर जीवन सफल और जयदेवी का दर्शन प्राप्त होता है। लोकोपकारी कार्यों से जीवन की शोभा है और ऐसे ही कार्य्य करने वाले मनुष्य बड़े कहलाते हैं। संसार में ऐसों ही का पूजन होता है। महात्मा अपने महत् चरित्रों के कारण ही महान् पुरुष कहलाते हैं।

पृथ्वी पर सब लोग चाहते हैं कि, हम बड़े बनें, परन्तु [illegible] मनुष्य ऐसे कर्म करते हैं। यदि कोई उत्तम पुरुष बनना चाहे तो उसका कर्तव्य है कि संसार क्षेत्र के द्वार पर खड़ा हो कर [illegible] विचारे कि, उसका चित्त किस ओर झुकता है। [illegible] उसी का लक्ष्य स्थिर करना चाहिये। निशाना, [illegible] सारी शक्ति से उसकी प्राप्ति का यत्न करे। [illegible] ऐसा तल्लीन हो जावे कि निश्चित लक्ष्य के सिवाय और किसी का ध्यान ही न रहे। महाभारत में लिखा है कि, द्रोणाचार्य ने सब शिष्यों की परीक्षा करने के [illegible] कि सब धनुर्विद्या में कौन कितना योग्य है? [illegible] धनुर्विद्या में निशानेबाज़ी के लिए कृत्रिम [illegible] वृक्ष पर रखवा दिया। फिर वे शिष्यों से बोले— "[illegible] [illegible] धनुष तैयार करके बाण चढ़ा कर [illegible] बनाओ। मेरी बात को सुनते ही [illegible] [illegible]।" द्रोण प्रथम युधिष्ठिर से बोले—"तुम [illegible] लक्ष्य बनाओ, मेरी बात के समाप्त [illegible] [illegible] ने [illegible] पाण्डु युधिष्ठिर से पूछा—"राजकुमार [illegible] [illegible] किस को देखते हो?" युधिष्ठिर बोले—"[illegible] [illegible] कुछ काल पीछे फिर पूछा तो युधिष्ठिर [illegible] मैं इस वृक्ष को, आपको और [illegible] [illegible] के बार बार पूछने पर [illegible] उत्तर दिया। इसी प्रकार अन्य शिष्यों से [illegible] [illegible] उत्तर दिया [illegible] [illegible] गुरु की आज्ञा से धनुष में बाण [illegible] [illegible] पूछा— "[illegible]" [illegible]। " [illegible] ने उत्तर दिया— [illegible]

देखता हूँ। वृक्ष को या आपको नहीं देखता हूँ।" अनन्तर गुरुवर्य द्रोण प्रसन्नचित्त होकर महारथी अर्जुन से बोले—"यदि तुम पक्षी को देखते हो तो कैसा देखते हो?" अर्जुन ने उत्तर दिया, "मैं उस पक्षी का सिर मात्र देखता हूँ, शरीर नहीं देखता।" अर्जुन की यह बात सुनकर द्रोण का शरीर हर्ष से रोमाञ्चित हो गया। पश्चात् उन्होंने कहा—"अब बाण छोड़ो"। तब पाण्डुपुत्र अर्जुन ने बाण छोड़ा और उस बाण से पक्षी का सिर कट कर नीचे जा गिरा। द्रोणाचार्य ने प्रसन्न हो कर, अर्जुन को गले लगाया और शिष्यवर्ग कौरवों व पाण्डवों को शिक्षा दी कि, इस प्रकार लक्ष्य साधन करने वाला ही पुरुष सफलता प्राप्त कर सकता है।

ठीक इसी तरह लक्ष्य साधन के लिये हमें अर्जुन के समान तन्मय होना चाहिये। लक्ष्य के साधन में कोई बात उठा नहीं रखनी चाहिये। यह असार संसार ऐसे ही नररत्नों की चरित्रावली से विभूषित होने के कारण सुन्दर दीख पड़ता है। एक कवि कहता है—

ऐसा जी तू कि याद मरने के,
गाहे गाहे तो कोई याद करे॥

आशा

आशा के होने पर ही धीरज और सहनशक्ति स्थिर रहती है। कैसा ही दुःख क्यों न आ जावे, कभी भी निराश न होना चाहिये। जो आशावान् रहता है, वही फिर प्रयत्न कर सफलता प्राप्त करता है। बटलर नामक विद्वान् का कथन है—"शत्रु के आगे से भयभीत हो कर, भागना और बिना सामना किये हार मानना, किसी मनुष्य

के प्रारब्ध में नहीं लिखा है, परन्तु यह उसके अपने ही दोष है।" सिडनी स्मिथ कहता है "यदि संसार में हम कोई किया चाहते हैं तो हमको संसार रूपी समुद्र के किनारे पर होकर, भय से काँपना न चाहिये; किन्तु उसमें कूद पड़ना और यथासाध्य चेष्टा कर, उसके पार जाना चाहिये।"

मनुष्य वास्तविक भयों से उतना नहीं डरता है, ... यह निर्मूल आशङ्काओं से डरा करता है। जैसे कि, कोई इस बात से डरा करते हैं कि, लोग उनके कामों पर हँसेंगे। निर्मूल बात का भय कभी न करो।

एक बार बहुत से सैनिक जो युद्ध में अवश्य ही विजय ... रात्रि में आकस्मिक भय से भाग निकले। आकस्मिक भय बहुधा काल्पनिक हुआ करते हैं और दिन के प्रकाश में वे कोई चिन्ता योग्य नहीं होते और बहुधा निर्मूल हुआ करते हैं।

शेक्सपियर का कथन है कि कायर पुरुष अपनी मृत्यु के पहिले कई बार मर चुकते हैं, परन्तु वीर पुरुष एक बार ही मरा करते हैं।

बहुत से कष्ट पानी के बुलबुले के समान नष्ट हो जाते हैं और बहुत से शोक ऐसे होते हैं कि कल ही ये दूर हो जायेंगे, इसलिये कष्ट और शोक प्राप्त होने पर व्याकुल न होकर धैर्य से सहन करो। कोलेरिज जब बड़े कष्ट में निमग्न था उस समय उसने एक मित्र को लिखा था—"सब दुःखों और आपत्तियों में जो मुझको सहने पड़े, ईश्वर-कृपा की आशा मैंने कभी नहीं छोड़ी और ईश्वर में विश्वास इस बात में अटल रहा कि जो कुछ कष्ट सह रहा हूँ, इसमें ईश्वर का मेरा कुछ उपकार ही स्वीकार होगा।"

यदि हम भविष्यत् का विचार जी में रक्खेंगे, तो हम अपने निर्दिष्ट मार्ग से चलते न होंगे। मनुष्य को सदैव पुरुषार्थ करना चाहिये और सफल मनोरथ होने की आशा रखना चाहिये। शेक्सपियर का कथन है कि "सन्देहों से हमारे कार्यों में बड़ी हानि होती है और शङ्काओं के कारण हम सफल नहीं रहते।"

वीरता पुरुष का केवल एक गुण ही नहीं है; किन्तु पुरुष का पुरुषत्व भी यही है। पुरुष को पुरुष होने के लिये वीर होना चाहिये, जैसा कि स्त्री को स्त्री होने के लिये मृदु होना चाहिये। यद्यपि पुरुष को भी मृदु और वीर होना चाहिये और स्त्री को भी वीर और मृदु होनी चाहिये, तथापि वास्तविक वीरता यही है। वीरता इसमें नहीं है कि किसी जोखिम का विचार ही न किया जाय। किन्तु दृढ़तापूर्वक उसके सामना करने में है। बिना प्रयोजन के किसी जोखिम में पड़ना वीरता नहीं है। यद्यपि वे हम पर आपदा उसको और भी बड़ा देती है। किन्तु मेरा यह मत नहीं है कि वीरता से उसका सामना किया जाये। शत्रु के आगे से भागना ही अपने बच लिये जाने का अवसर है।

एक का कथन है—"वही वस्तु हमको बड़ी भयानक जान पड़ती है जिसको हम समझा नहीं जानते हैं। जब हम किसी आपत्ति को पूर्णतः जान जाते हैं और हम उससे परिचित हो जाते हैं, तब वह उतनी भयदायिनी नहीं रहती जितनी हम उसे पहले समझते थे।" तात्पर्य यह है कि प्रत्येक दशा में धैर्य धारण किये रहो।

वास्तव उत्साहान्वित करना भी अच्छा नहीं है। समय संकल्प शीघ्र सिद्ध हो जाने की आशा न करो। क्योंकि सब पदार्थ अपने समय पर ही परिपक्व होते हैं। जो मनुष्य धैर्य पूर्वक ठहरना जानता है वही सब प्राप्त करता है।

यह एक सांसारिक नियम है कि हम चाहे कुछ भी करें, परन्तु ने के बिना सामना किये हम नहीं रह सकते और इसीलिये कहा गया है कि दुःख के समय उस समय का ध्यान करो जब तुम सुखी थे। दुनिया में वीर पुरुष वही है जो दुःख में धैर्य नहीं त्यागता है। इस बात का विचार रखना चाहिये कि ज्यों समय बीतेगा, हमारे दुःख भी नष्ट होंगे। दुःखावस्था में यह र मनुष्य की बड़ी सहायता करता है। इसे कोहरा और मेह बाद धूप निकला करती है और शीत के पश्चात् ग्रीष्म आती या रात्रि के विगत होने पर दिन का प्रकाश होता है, और बड़े न के पीछे शान्ति का विराजती है, इसी नियमानुसार दुःख के द सुख का अवसर भी अवश्य आता है।

लॉंगफेलो कहता है—"हे दुःखी पुरुषो! धैर्य धारण करो चिन्ताग्रस्त मत हो। इन बादलों के ऊपर सूर्य अब भी र रहा है और तुम्हारी सी दशा हर एक मनुष्य की होती है। कुछ समय तक वर्षा होने के पश्चात् धूप अवश्य निकल आती सी तरह दुःख के बाद सुख की भी बारी आ जाती है।"

कभी ऐसा होता है कि जिसको हम दुःख समझ बैठे हैं वही सुख का मूल होता है। कष्ट और शोक कहीं कहीं छिपे सुख का सा काम कर जाते हैं। इतिहास इस विषय में पूर्ण रूप से दे रहा है कि बहुत से मनुष्यों पर दुःख पड़ने से वह काम सा जो उनके सदैव सुखी रहने से न निकलता। हमको इस का ध्यान रखना चाहिये कि जो कष्ट हम उठाते हैं वह या ारे दोष का फल स्वरूप है अथवा दूसरों की भलाई का मूल- है। बुद्धिमान् मनुष्य कभी भी अपने दुःखों पर पश्चात्ताप करते; किन्तु वे इस बात करते हैं कि दुःख का कैसे हो।

"एपिक्टीटस कहता है—"शूरवीर ... न होता यदि उसने हिंसक पशुओं और ... के मनुष्यों का विनाश न किया होता। यदि वह ... हुआ सुखस्वप्न देखा करता तो उसका नाम आज किसके ... न निकलता और उसके शस्त्र व बल प्रयोग को कौन ... किसे उसके धैर्य्य व उच्च भावों का परिचय मिलता! ... को प्राप्त होता है जो अपनी वीरता और सहनशीलता ... दुःख के अवसर पर दिखलाते हैं।

जब सुकरात को प्राण-दण्ड की आज्ञा हुई, तब उसके एक ... ने कहा था "निश्चय ही आपके साथ अन्याय हुआ है।" सुकरात ने कहा—"क्या तुम यह चाहते हो कि मैं दोषी होकर दण्डभागी होता?"

सदाचार

संसार में उत्पन्न होने के लिये चातुर्य्य की अपेक्षा सदाचार और दृढ़ता की अधिक आवश्यकता है। सत्य के जानने की अपेक्षा सत्कार्य्य को करना आवश्यक है। यदि हम संसार में सुखी और सौभाग्यशाली होना चाहते हैं, तो हमें सन्मार्ग का अवलम्बन करना चाहिये। अच्छे काम करने ही से मनुष्य अच्छे दीखता है।

किसी के जीवन का महत्व तब ही है जब उसमें सदाचार की मात्रा अधिक हो। कैविल का कथन है कि "यदि एक बार विचार कर लो कि, आज से हमारा अन्तःकरण जिस कार्य के करने का अनुरोध करेगा उसके करने में असमञ्जस किया करेंगे तो तुमने सांसारिक सुख प्राप्ति की मानों कुञ्जी प्राप्त कर ली। पापी इसको प्राप्त करने को असमर्थ होता है।"

अपने कर्त्तव्य से विमुख होकर अथवा चालाकी से उससे बच कर अधिक काल तक तुम कदापि अपने सुख की वृद्धि न कर सकोगे। कवि यंग स्वयं की उक्ति है कि "बुद्धिमान् और नियमों में यही गुण होता है कि कायरोचित भयों को हृदय में स्थान नहीं देते, अपने कर्त्तव्य पालन में दृढ़ता से क्रियावान् बने रहते हैं; सत्य के पीछे हज़ारों कष्टों का सामना करते हैं; ईश्वर पर भरोसा रख कर, वे सब में कृतकार्य्य हो जाते हैं।"

जीवन में वास्तविक सफलता प्राप्त करने के लिये केवल एक ही बात की आवश्यकता है। रुपया आवश्यक नहीं है, शक्ति, चातुरी, प्रसिद्धि, स्वतंत्रता यहाँ तक कि स्वास्थ्य की भी इतनी आवश्यकता नहीं है; आवश्यकता है केवल सदाचार की। यही मनुष्य को नष्ट होने से बचा सकता है। जिसने इसको गँवा दिया वह नष्ट हुए बिना नहीं रहेगा।

तुम अपने को जैसा बनाना चाहते हो वैसा ही तुम्हारा चाल-चलन हो जायेगा। हम सब न तो कवि या गायक हो सकते हैं, न कलाकुशल या वैज्ञानिक हो सकते हैं; ऐसी ही कितनी ही बातें हैं जिनके लिये प्रकृति ने हमको नहीं बनाया। तुम उन्हीं गुणों को दिखाओ जिन पर तुम्हारा अधिकार है जैसे सत्यता, गम्भीरता, मिलनसारता, विषयों से उपेक्षा, परोपकार, अपव्ययिता से प्रेम, स्वच्छन्दता और उच्च भाव। जिन गुणों को अपने में तुम दिखा सकते हो, उन्हें क्यों नहीं दिखाते? प्रकृति या तुम्हारी अयोग्यता उनके दिखाने में बाधक नहीं है, तो भी तुम अपनी इच्छा से उन गुणों का प्रकाश नहीं करते।

ऐसा कोई भी काम न करो जिससे तुम्हें लज्जित होना पड़े। कोई सम्मति जो बड़े महत्व की है, वह अपनी ही है। सेनेका का

कथन है—"अपनी आत्मा का विचार सदा आनन्द देने वाला है।" फ्रेंकलिन ने, जिसके बहुत से शुभ विचारों के ... कृतज्ञ हैं, गुणग्रहण करने की एक प्रणाली का ... था। यद्यपि मैं उसके लिये अनुरोध नहीं करता, तथापि सब गुणों को भली भाँति समझ कर, उसने एक एक करके उनके करने की चेष्टा की। इस नियम से उसने १३ गुण प्राप्त किये (संयम, मितभाषिता, क्रमबद्धता, स्थिरता, मितव्ययिता, अध्यवसायशीलता, सत्य शीलता, न्याय, परिमितता, स्वच्छता, शान्ति, पवित्रता और नम्रशीलता)।

बिशप विलसन का कथन है—"यदि हम किसी पुरुष को किसी दीन मनुष्य को रुपया देकर यह कहते हुए सुनें कि, तुम शराबखाने में जाकर इन रुपयों को खर्च करना अथवा जुआखाने में जाकर जुआ खेलना या कोई निकम्मा खिलौना खरीदना तो हमें कितना आश्चर्य होगा? जब यह दशा है, तब हमको वे ही काम अपने आप क्यों करने चाहिये, जिनको दूसरों को करते हुए देख कर, हम हँसते हैं।

सदैव ऊपर को देखो न कि नीचे को। लार्ड बैकन्सफील्ड का कथन है कि, "वह मनुष्य जो ऊपर को नहीं देखता नीचे को देखेगा और जो ऊपर चढ़ने का साहस नहीं करता, कदाचित् उसके भाग्य में नीचे पड़ा रहना लिखा है।" किसी कवि का कथन है कि "ख्याति में केवल नाम प्रसिद्ध होता है, परन्तु इस शब्द में यह शक्ति है कि मनुष्य को आत्मिक बल देती है और मन को उत्साहित कर देती है। मृत शक्तिशाली पुरुषों का विचार नवयुवकों में यह शक्ति संचार करता है कि, जिससे वे हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि, वे भी पूर्वजों के समान कार्य कर, यशस्वी बनें।"

प्रमाणित होता है। मनुष्य जीवन उन्नति करने ही के लिये है, [illegible] गति में रहने को नहीं। हममें से अनेक मनुष्य किसी गड्ढे [illegible] जगह नहीं रह सकते। या तो उन्हें आगे बढ़ना पड़ेगा अथवा [illegible] गति के गड्ढे में गिरना पड़ेगा। ऐसा हुए बिना नहीं रहेगा। [illegible] होने में इस बात का कि, हम अपने उद्देश्यों को किस प्रकार [illegible] प्राप्त कर सकें, बड़ा ध्यान करना चाहिये। जो कोई भी [illegible] मार्ग से प्रत्यक्षतः अपनी उन्नति कर लेते हैं, वह वास्तव में [illegible] नहीं हुए हैं, किन्तु नीचे गिरे हैं।

प्रकृति हमसे जिन बातों की आशा रखती है, उन्हें हम सुगमता से पूरा कर सकते हैं और उन्हीं में हमारी भलाई है। हमारी [illegible] यही होनी चाहिये कि, हम अपना दमन कर, आत्मशासन करें। यही स्वराज्य है और सच्ची उन्नति यही है कि, हम शारीरिक, [illegible] मानसिक, हार्दिक और आत्मिक कार्य करें। इस उन्नति में हमें [illegible] आवश्यकता नहीं है। इसमें पग पग पर आनन्द मिलता है, [illegible] जागता है। उत्तम और उत्तमोत्तम प्रत्येक मनुष्य को अपने [illegible] कार्य करने को होना चाहिये। महान पुरुष को जब मृत्यु [illegible] हुआ करती तब उस समय भी वह उसे कर्तव्य पालन करता हुआ पायेगी।

कहा जाता है कि, एक बार [illegible] [illegible] कहा नहीं पाया जाता। उसके जीवन का [illegible] ही था।

रस्किन का कथन है—"जो कुछ हम [illegible] है [illegible] या जो कुछ हम विश्वास करते हैं, वास्तव में हमारे [illegible] निश्चय है। परिणाम के लिये मुख्य बात [illegible] [illegible] की उक्ति है "बुद्धिमत्ता कहाँ मिलती है" [illegible] कहती है कि वह पहाड़ों पर या [illegible] समुद्र में नहीं है। [illegible]

या जवाहरात के मोल नहीं मिलते। ईश्वर का भय करना ही बुद्धिमत्ता है और बुराई से बचना ही विवेक है।"

सच्चे और ईमानदार बनो। मन्यना सर्वश्रेष्ठ नीति है और कहता है कि "सत्य ही सब से बड़ी चीज़ है, जिसको कि, मनुष्य अपने पास रख सकता है।"

प्लूटार्क का कथन है—" जो झूठ बोलता है, वह इस बात को प्रमाणित करता है कि, वह ईश्वर की परवा नहीं करता, परन्तु लज्जा से भूल को ग्रहण न करो।"

मैक्समूलर का कथन है—" अगणित गुण ऐसे हैं जिनका प्राप्त करना मनुष्य बनने के लिये आवश्यक है, या यों कहिये कि मनुष्य-जीवन की सार्थकता ही उन गुणों को प्राप्त करने में है। परन्तु एक गुण ऐसा है जो परमावश्यक है, जिसके बिना मनुष्य मनुष्य नहीं, कोई भी बड़ा जीवन जिससे शून्य नहीं रहा है। जिसके बिना कोई बड़ा काम कभी नहीं हुआ, वह गुण सत्य है, सत्य भीतरी भागों में है। सब बड़े पुरुषों और अच्छे पुरुषों की ओर देखो। हम उनको बड़ा और अच्छा किस कारण कहते हैं क्योंकि वे सत्यपूर्ण होने का साहस रखते हैं और जो कुछ होते हैं, उन्हें वैसा रहने का साहस होता है।"

शेक्सपियर का वचन है "जिसका अपने प्रति सत्य व्यवहार होता है। वह किसी से असत्य नहीं बोलता है।"

वर्ड्सवर्थ का वचन है—" दो बातें देखने में तो परस्पर विरुद्ध मालूम होती हैं, परन्तु साथ ही साथ चलती हैं—पुरुषोचित स्वच्छन्दता और पुरुषोचित पराधीनता, पुरुषोचित आत्मावलम्बन और पुरुषोचित परावलम्बन।"

आज्ञा पालन करना सीखो और तुम जान जाओगे कि हुक्म कैसे दी आज्ञा करनी है। व्यायाम करना मन और शरीर दोनों को स्वस्थ करने के लिये अच्छा है। कोई ख़राब सिपाही कभी अच्छा जनरल नहीं बन सकता।

लोकोक्ति है—"यदि तुम्हें सफलता प्राप्त हो जावे तो घमंड को पास मत फटकने दो। घमंड नाश के आगे आगे चलता है, वैसे ही दुर्दान्त स्वभाव अधःपतन के पहिले।"

यदि तुम अपने को दुःस्वभाव बनाओगे और बुरे विचार मन में लाओगे तो तुम अपने हृदय में एक रोग पालोगे। वह रोग ही निर्दय होकर तुम्हारे हृदय का आनन्द और शान्ति हरण कर लेगा। तुम्हारे हृदय को डाह, घृणा, कृतघ्नता, द्वेष, चिन्ता और भय से परिपूर्ण कर देगा और अन्त में तुम्हारे आत्मा और शरीर को नष्ट कर देगा।

यदि तुम्हें अधिकार मिला है तो सावधानी से न्याय और विवेक के काम में लाओ। इतिहासकार लिखते हैं कि, एक तुर्की बादशाह ने एक निर्दोष व्यक्ति को वध किये जाने की आज्ञा दी। इस आदमी ने कहा, "ऐ बादशाह! आपने तो बस मुझे एक क्षण मात्र ही का दुःख सहन करना पड़ेगा, परन्तु तुमको यह कलंक सदैव के लिये लग जायगा।"

शक्ति या अधिकार के साथ साथ ज़िम्मेदारी आती है। जिस ... में भी वह कार्य जो तुमको करना पसन्द हो, न करो, किन्तु वह काम जो तुम्हें करना चाहिये। आनन्द प्राप्त करने का मार्ग है।

यदि इस बात का सन्देह हो कि, जो ... बेईमानी किया जाय तो अपने मालिक का ...

[illegible] इसका उत्तर कुछ भी चिन्ता का ध्यान नहीं किया करते, [illegible] मनुष्योचित सावधानता की भांति [illegible] इस से बचाव करना चाहिये।

पाप के लिये हम इस संसार में दण्ड अवश्य पाते हैं। [illegible] में हम [illegible] को [illegible] कर सकते हैं। [illegible] के दण्ड से [illegible] में [illegible] किया करते हैं। परन्तु [illegible] देता है, हम पाप ही करते हैं। दण्ड देते हैं। [illegible] का यह नियम है कि धर्म से आनन्द और पाप से दुःख [illegible] पड़ता है। पाप करके दुःख न मिलने से प्रकृति का नियम [illegible] होता है।

किसी अपराध के क्षमा किये जाने से यह नहीं हो सकता कि [illegible] के दण्ड से हम बच जायेंगे। जिनको तुमने कष्ट पहुँचाया है, [illegible] वे तुमको क्षमा भी कर दें, तो वह तुम्हारे सिर पर आग [illegible] के समान है, क्योंकि उनकी उदारता से तुम्हारे अपराध की [illegible] बढ़ती है।

सदाचार ही जीवन है। सुख सम्पत्ति सदाचार पर ही निर्भर है। बातें बनाने से काम नहीं चलता। जो कुछ हम हैं, काम करने से चलेगा। नित्यप्रति अपना निरीक्षण करते रहो। आदत दूसरी प्रकृति है। कोई काम करते रहो, तो तुम्हें उसकी आदत पड़ जायगी और आदत पड़ जाने पर उससे ही तुम्हारा चरित्र बनेगा। उस चरित्र से तुम्हारी प्रारब्ध बन जायगी। हम सब प्रतिदिन कुछ न कुछ काम करते हैं—चाहे बुराई में पड़ें, चाहे भलाई में। रात को शय्या पर लेट कर, हम को अपनी जाँच करनी चाहिये।

एमर्सन का कथन है—" मनुष्य जाति दो भागों में विभाजित है। एक भाग तो उपकारी समूह का है और दूसरा अपकारी समु-

जिन स्थानों का जल वायु स्वास्थ्यप्रदायक न हो वहाँ नहीं रहना चाहिये। समुद्रवासी जन बहुधा दीर्घजीवी देखे गये हैं। शीतप्रधान देश दीर्घजीवन के दाता नहीं होते। स्वास्थ्य, शरीर, स्वभाव, भोजन, इन पर मनुष्यों की आयु बहुत निर्भर है। अनुभव से यह जाना गया है कि, विवाहित स्त्री और पुरुष ही अधिक जीवित रहते हैं और उनमें भी जिन्होंने अपना वैवाहिक सम्बन्ध अधिक अवस्था में किया था। वर्तमान समय में किसी कुँआरे ने दीर्घ जीवन नहीं पाया है। कारण कदाचित् यही हो कि संसार में जो अविवाहित पुरुष हैं, उन्हें अकेले ही सब दुःख व आपत्ति सहन करनी पड़ती है और उनको दुःख सुख में भाग लेने वाला कोई नहीं होता और विवाहित पुरुष की अर्द्धाङ्गिनी उसके रोग शोक में सहायता और सहानुभूति करने वाली होती है जिससे उसको बहुत कुछ शान्ति और सन्तोष मिलता है। एकाकी मनुष्य का जीवन भी बहुधा दुःखदायी होता है और विवाहित पुरुष का अपनी सह-धर्मिणी और बालबच्चों के साथ अवकाश का समय आनन्द से

व्यतीत होता है। बर्टन साहब अपने ग्रन्थ (Anatomy of Melancholy) में लिखते हैं—"यदि तुम अपना कुशल क्षेम चाहते हो और अपने मन और शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हो, तो मेरी एक छोटी सी बात सुन लो। न कभी अकेले रहो और न कभी सुस्त रहो।" प्लिनी नाम का विद्वान् लिखता है—"साधारण भोजन सब से उत्तम है, क्योंकि बढ़िया और स्वादिष्ट भोजन बहुधा अनेक रोग उत्पन्न करने वाले होते हैं।"

जो लोग मांस नहीं खाते वे उन लोगों की अपेक्षा अधिक जीते हैं जो मांसभोजी हैं। गाँव में रहना तथा छोटी बस्तियों में रहना जीवन को दीर्घता देने वाला है। इस विचार से बड़े शहरों में रहना बुरा है और स्वास्थ्यकर कभी नहीं कहा जा सकता।

सब से बड़ी बात यह है कि, मनुष्य को अपने जीवन में प्रकृति के नियमों पर बड़ा ध्यान रखना चाहिये। इसके नियम पालने से मनुष्य का बड़ा कल्याण होता है। प्रकृति के नियम तोड़ने से मनुष्य बड़ी विपत्ति में फंस जाता है। यह एक ऐसी बात है जिसको सब विद्वानों ने माना है। यदि तुम भूखे हो तो भोजन करो, नहीं तो न खाओ यदि ठंढ लगती है तो कपड़ा पहिन लो, नहीं तो ठंढ लगने से हानि होगी। युवावस्था ही में स्त्रीसंसर्ग होना ठीक है। अल्पायु में ऐसा काम करने से मनुष्य कभी दीर्घायु नहीं हो सकता। ऐसे मनुष्य अल्पायु ही में मर जाते हैं। मनुष्य को युवावस्था में परिश्रमी बनना चाहिये। बुढ़ापे में शान्तिप्रिय और आनन्दी बनना चाहिये। किसी भी आलसी ने दीर्घायु नहीं पाया है। मनुष्य की जीवशक्ति तथा उसके शरीर की गठन इस योग्य है कि, यदि उसका सदुपयोग किया जाय, तो मनुष्य निस्सन्देह १०० वर्ष तक जी सकता है। यह आयु सब प्रकार सम्भव है।

निस्सन्देह मनुष्य सांसारिक रचना भर में मुकुटमणि है। प्रकृति की पूरी योग्यता इसकी बनावट में प्रकाशित होती है। हमारा हृदय-पिण्ड एक लाख बार प्रत्येक दिन में धड़कता है और कम से कम ४० या ५० पौंड खून को शरीर में फिराता रहता है। लोहे की कल भी इस काम को निरन्तर करने से घिस सकती है। हमारे शरीर के परमाणु भी सदैव बदलते रहते हैं। यहाँ तक कि, तीन महीने पश्चात् हमारा शरीर बिलकुल नये परमाणुओं से बना हुआ होता है। पट्ठे नये और बलिष्ठ होते रहते हैं। हर समय हमारा शरीर बिगड़ता और बनता रहता है। खून या किसी प्रकार अभाव होने से यह फिर १४ दिन में बन जाता है। नियत समय तक हड्डियाँ भी बदलती रहती हैं। टूटी और मुड़ी हुई फिर बन जाती हैं। हमारे शरीर की सब धातुएँ इसी प्रकार बदलती रहती हैं। वास्तव में परमेश्वर की सृष्टि में मनुष्य का शरीर एक अपूर्व यन्त्र है।

हमारे इस शरीर की मृत्यु इस प्रकार होती है। पहिले पहिले रक्तवाहिनी के अन्तर्गत नलियाँ कुंठित हो जाती हैं। उनसे जीवन शक्ति अपना काम ठीक ठीक नहीं कर सकती। इसलिये रुधिर के द्वारा और पोष के हेतु कुछ नहीं पहुँच सकता है। इसलिये नाड़ी मन्द पड़ जाती है और स्वच्छ नहीं रहती है। परन्तु तब भी रुधिर बड़ी बड़ी नाड़ियों में फिरता रहता है। धीरे धीरे यह शक्ति भी घटती जाती है। हृदयपिण्ड की नसें और रुधिर नहीं पाता और इससे हृदयपिण्ड निर्बल हो जाता है। हृदयपिण्ड की नसें और पेशी बहुत कठोर होती हैं, परन्तु कुछ काल में इनका भी स्वभाव मन्द हो जाता है और अन्त में काम देना छोड़ देता है। शरीर के सारे पदार्थ जम जाते हैं और तब मृत्यु हो जाती है।

विचारों को सुधारो

विचारों का मनुष्य के आत्मा और शरीर पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। विचार यदि सच्चे और ऊँचे हों तो जिस पुरुष के हृदय में उत्पन्न हुए हैं उसे बिना ऊँचा बनाये नहीं रहेंगे। एक एक विचार ने संसार में बड़ा भारी काम किया है। किसी किसी विचार के द्वारा संसार में बड़े बड़े परिवर्तन हो गये हैं। मनुष्य का शीलवान् होना उसके विचारों ही पर निर्भर है और उसका चरित्रवान् होना भी विचार ही की लीलामात्र है। एक महात्मा का कथन है कि असद् विचारों को उठने न दो और यदि उठने दो तो उनको शुद्ध करके अच्छे और उच्च विचार ही सञ्चित करो।

नीच विचार मनुष्य में कायरता और नीचता लाते हैं। अच्छे अच्छे विद्वानों को एक आध नीच विचार ने विद्वत्ता के आसन से गिरा दिया है। बड़े बड़े प्रसिद्ध राजनीतिज्ञों ने इसके प्रभाव से बड़ी बदनामी उठायी है। वीर पुरुष तब ही तक अपनी वीरता का घमंड कर सकता है जब तक उसके विचार अच्छे हैं, हृदय ऊँचा है, बड़े बड़े वीरों को देखा है कि, एक एक सुन्दरी को देखकर और बुरे विचार को पा कर नीच काम में लिप्त हो गये हैं। विश्व के इतिहास में ऐसी अनेक घटनाएँ देख पड़ती हैं। कहीं कहीं रोगी और अशक्त मनुष्य भी अपनी अपनी मृत्युशय्या से उठ कर देश के लिये लड़े हैं। कहीं वीर मनुष्य भी कायरता की परम सीमा को दिखा चुके थे और युद्ध आरम्भ हो चुका था कि, कुछ योद्धाओं के मन में कायरता का विचार पैदा हुआ, उन्होंने ढाल तलवार फेंक दी और मुर्दों के नीचे जाकर लेट गये। पर वहां क्या उनके प्राण बच गये? नहीं, हाथी और घोड़ों के पावों से कुचले गये और कायरों की मौत मरे। कवि लौंगफेलो कहता है कि—"इस जीवन

संग्राम में कायर की तरह मत रहो। किन्तु वीर बनो।" यह बात भी सत्य है। मरना तो निश्चय ही फिर क्यों न प्रशंसा योग्य सत्कार्यों के लिये अपने जीवन का बलिदान करें? कायर एक तो बुरा काम करते ही मर जाता है और दूसरी बार प्रकृत मृत्यु से मरता है।

अपने हृदय से बुरे विचारों को दूर करना सहज काम नहीं है। परन्तु तौभी यह मानवजीवन के करने ही का काम है। बुरे विचारों से पैदा हुए दोष मनुष्य के शरीर को भी बिगाड़ते हैं। इन बुरे विचारों के कारण मनुष्य पागल तक हो जाता है। हज़ारों लाखों आदमी विचारों को यों ही मस्तिष्क में आने देते हैं। जिस तरह काँटा काँटे से निकाला जाता है, वैसे ही जो बुरे विचार को सद्विचार से निकालना जानते हैं, वे ही विचारशील कहलाते हैं। ऐसे पुरुष कम मिलते हैं। ऐसे ही सज्जनों का सङ्ग सत्सङ्ग कहलाता है, परन्तु ऐसे पुरुष प्रत्येक स्थान और प्रत्येक पुरुष का मिलने कठिन है। लेखन-कला ने इस विषय में मानव समाज का बड़ा उपकार किया है। ऐसे महात्माओं की ग्रन्थ-रचना बड़ा सुमङ्गल करने वाली है। बुरे विचारों को सुधारने के लिये सद्ग्रन्थ भी बड़े उपकारी होते हैं।

जो पढ़ने के प्रेमी हैं वे उपर्युक्त विषय की सत्यता को ख़ूब जानते हैं। जो पुस्तकों का प्रेमी है उसे न अच्छे मित्र की आवश्यकता है और न किसी श्रेष्ठ सम्मति-दाता की। पढ़ने, समझने और विचार करने से आदमी बड़ा कल्याण प्राप्त करता है। पुस्तकें बड़े मनुष्यों की छाया हैं, परन्तु इनमें एक विशेष गुण है कि, ये विद्वान् मनुष्यों के समान बोलती और समझती हैं। इनके द्वारा कालिदास एवं शेक्सपियर अपनी कविता सुनाने [illegible] हैं। पुस्तकों में योग्य पुरुषों के सद्विचार अच्छे प्रकार [illegible] रहते

हैं। ये विचार युवावस्था में हमें पथदर्शक और बुढ़ापे में लाठी का काम देते हैं। कारलाइल कहता है कि, अच्छी पुस्तकों का संग्रह ही सच्ची यूनीवर्सिटी है। विचारों के सुधारने के लिये ग्रन्थों का अवलोकन करना और उनका अनुसरण करना ही एकमात्र उपाय है। ऐसा करने से तुम योग्यता प्राप्त कर सकोगे और फिर निश्चय ही तुम्हें ऐसे महात्मा भी प्राप्त हो जायँगे जो तुम्हारे विचारों को उज्ज्वल और सद्भाव-पूरित बना देंगे। पात्र बनो, विद्वानों के पास या तो तुम स्वयं पहुँच जाओगे या वे तुम्हारे पास आ जायेंगे। अच्छे अच्छे ग्रन्थों के पढ़ने की अभिलाषा मनुष्य में बड़े बड़े गुण पैदा कर देती है। कभी कभी ऐसे ही आदमी नररत्न कहलाये जाते हैं। बचपन में विचारों का सुधारना बड़ा आसान है। इस समय के विचार जीवन भर अपना काम करते रहते हैं। इसीसे शिक्षिता माता का होना बड़ा आवश्यक है। बालक के कोमल हृदय में माता के बैठाये हुए विचार भविष्य जीवन के सञ्चालक हैं। धन्य है वे देश जहाँ माता शिक्षिता हैं और अपने बच्चों के विचार सुधारती हैं। कितने ही बड़े आदमियों ने अपनी बड़ाई का कारण अपनी माताओं को बतलाया है। पढ़ने के शौक ने भी बड़े बड़े काम किये हैं। चीन के महात्मा कानफ्यूशस विद्या का बड़ा प्रेमी था। वह पढ़ने में ऐसा मग्न हो जाता था कि भूख प्यास को भी भूल जाता था। विद्या की प्राप्ति में वह अपने सब शौक भूल जाता था। उसने कहा है कि, विद्या के प्रेम में मुझे यह भी खबर नहीं रही कि, बुढ़ापा मुझ पर कब आयी। इसी महात्मा की चीन में पूजा होती है। जिस भवन में अनेक विषयों और उत्तम विचारों का संग्रह है, वह स्थान भी धन्य है। मूर्खों के सिवाय सब लोग इस स्थान पर आकर शान्ति और आनन्द प्राप्त कर सकते हैं। पुस्तकालय की भूमि स्वर्ग के समान सुन्दर और रमणीय है. जीवन के दुःखों में

पढ़ने का आश्रय है। धनाढ्य और दरिद्र दोनों इस स्थान पर समान रूप से आनन्दित हो जाते हैं। जो पुस्तकालय की स्थापना का प्रबन्ध लगाते हैं वे जीते जी अपने लिये स्वर्ग की रचना करते हैं। उन्नत देशों में यह विषय ऐसा ही आवश्यक समझा गया है जैसा कि जीवन के लिये खाना पीना। वहाँ पर गली गली और मुहल्लों मुहल्लों में पुस्तकालय है। क्या भारत में भी यह दृश्य कभी देखने में आवेगा!

बिना विचार किये पढ़ने से भी प्रकृत (यथा) लाभ नहीं होता पुस्तकों के लेखों के विचार से अपने विचारों को मिलाने ही से ज्ञान और आनन्द की प्राप्ति होती है। भोजन करने का यथार्थ फल यही है की भोजन पच जावे और उससे वह रस उत्पन्न हो जावे जो हमारे सारे शरीर का पालन करता है। फिलासोफर स्पेंसर कहते हैं—"ग्रन्थ शिक्षा प्राप्त करने का गौण साधन है, प्रधान नहीं। पुस्तकों से कुछ सीखना मानो दूसरों की आँखों से देखना है।" इसलिये विचार करने में अधिक ध्यान दो। जो कुछ पढ़ो उस पर विचार कर उसे अपना बनाओ। विचार ने कम पढ़े हुओं में फिलासोफर उत्पन्न कर दिये हैं। बिना विचार के पढ़ने वाले उन्हीं के समान हैं जो अधिक भोजन कर रोगी बन जाते हैं। इसलिये पुस्तकें पढ़ो, विचारो और अपने विचारों को सुधारो।

पवित्र-जीवनी

महात्माओं ने बार बार यही उपदेश दिया है कि अपने अन्तःकरण की ओर ध्यान दो। अपने अन्तिम दिन का विचार करने से मनुष्य बहुत सी बुरी बातों से बच जाता है। इससे जीवन में पवित्रता की झलक चमकती है और उसे उच्च और महत्वपूर्ण जीवन

का मार्ग मिल जाता है। सचमुच यदि मनुष्य अपनी मृत्यु का ध्यान हृदय में धारण कर सत्कर्म किया करे, तो वह अपना बड़ा उपकार कर सकता है। हमारे मर जाने पर इस दुनिया में हमारी दो चीज़ें रह जाती हैं—एक तो हमारे कर्म और दूसरे कीर्त्ति या अपकीर्त्ति। इन बातों का और कीर्त्ति का आनेवाली पीढ़ी पर बड़ा प्रभाव पड़ा करता है। जिस किसी जाति में कोई महान् पुरुष हो जाता है और विश्वव्यापिनी कीर्त्ति से विभूषित होता है। उस जाति वाले उस महान् पुरुष की कीर्त्ति को अपनी पैतृक कीर्त्ति समझते हैं। ऐसे आदमी का नाम लेकर वह जाति पवित्र अहङ्कार से अपना पूजन और कीर्त्तन कराती है। उस जाति के युवाओं के हृदयों में एक नयी शक्ति का आविर्भाव होता है और वह उसके प्रदर्शित मार्ग पर स्वयं चलने लगते हैं। यही मार्ग है जिससे जाति गौरवशालिनी बनती है एक एक मनुष्य के पवित्र जीवन से हज़ारों मनुष्य में नया जीवन, नूतन उत्साह और अपूर्व क्रिया शक्ति आ दी है। आजकल भारतवासी चाहे इस बात को कठिनता से समझें परन्तु पश्चिम में इस विषय की सत्यता प्रत्यक्ष देख पड़ती है। पवित्र-जीवन के मनुष्य ही उच्च पदस्थ होते हैं। इससे पवित्र-जीवन व्यतीत करना बड़ा ही कल्याणकारी और महोपकारी है।

एक विद्वान् का कथन है कि चिता की आग मनुष्य के शरीर को भस्म कर देती है, परन्तु उसका किया हुआ आचरण इस संसार में घूमता रहता है। अच्छे आचरण से उसके जाति वालों को लाभ और बुरे आचरण से उन लोगों को हानि उठानी पड़ती है। इतिहास इस विचार को और भी स्पष्ट कर देता है। एक एक पुरुष के उच्चकर्म से कितनी ही जातियाँ उठीं और उन्नति के शिखर पर चढ़ीं। एक पुरुष के नीच कर्म से बड़ी जाति नष्ट भ्रष्ट हो गयी। भारतवर्ष के इतिहास में ये बातें बड़ी ही स्पष्टता के साथ देख

...ते हैं। जिस तरह से जातियों के उत्थान और पतन का दृश्य दिखाते हैं, उसी तरह सत्कर्म और असत्कर्म का भी उपदेश देते हैं। सूर्य दिन भर अपनी प्रचण्ड किरणों से प्रकाशित रह कर सायंकाल को पश्चिम में अस्ताचल की ओट में जा छिपता है, किन्तु उस समय अपनी उज्ज्वल छटा से जातियों के पाठ सिखा जाते हैं। वृक्ष जङ्गल में जन्म लेकर बढ़ते हैं और अपने जीवन को परोपकार में लगा देते हैं। उनके गिर पड़ने पर भी उनकी लकड़ी नाना प्रकार के कामों में आती है। छोटे छोटे मूँगे कीड़े अपना जीवन को अर्पण करके समुद्र के मध्य में टापू बना देते हैं। उनका कर्म उनके पीछे भी बना रहता है। इसी तरह मनुष्य चाहे मरे या जीवित रहे, किन्तु बुरा या भला जो कुछ कर्म करते हैं वह उनके पीछे भी रहता है। पवित्र जीवनी के सुकर्म भी नहीं नष्ट होते, परन् शवों के चिता में जलने से निर्मल और उज्ज्वल हो जाते हैं। भारत के वीर पुरुष के चरित्र आज भी संसार चमक रहे हैं। बड़े बड़े धर्म के उपदेशक और महात्मा संसार उपदेश देकर चल बसे; परन्तु उनके उपदेशों का प्रभाव उनके जीवनों की ज्योत्स्ना और उनके उच्च-भाव हमारे हृदय में आज भी राजते हैं। वे लोग गुप्त होकर भी हमारे कानों में अपने अमूल्य उपदेश डाल रहे हैं। उनके चरित्र कितने ही युग पहिले इस पुण्य-भूमि में सम्पादित हुए, परन्तु आज भी उन महात्माओं के पवित्र जीवन और उच्च-भाव हमारे सदाचार और आचरण के चलाने में बहुत कुछ सहायता दे रहे हैं। विश्व का वैभव नाशमान् है। संसार भी असार है, परन्तु पवित्र जीवन के श्रेष्ठ कर्म ही संसार में सदैव रहते हैं। इन कर्मों का कोई नष्ट नहीं कर सकता।

जो कुछ हम कार्य करते हैं वे वैसा ही हैं जैसे कि किसी नाटक-मण्डली के पात्र रङ्ग-भूमि में करते हैं। जो कुछ हमारे मुख

से निकलता है वह प्रतिध्वनि में जा मिलता है जो कि कभी व्यर्थ नहीं हो सकता। जो कुछ भला व बुरा मनुष्य करता है, उसका प्रभाव मनुष्य पर पड़ता है। बिना कर्म्म किये मनुष्य जीवित रह ही नहीं सकता। जब तक हम जीवित हैं तब तक कर्म्म करते रहते हैं और मृत्यु प्राप्त होने पर भी हम सोचते हैं और हम पृथ्वी के निवासी ही हमारी लीला के दर्शक हमारी बातों के श्रोता हैं। इससे मनुष्य जो कुछ कर्म्म करे उसमें पवित्रता रहनी चाहिये। पवित्र जीवन ही अमरता का दाता है। पवित्र और निर्मल नदियों ही से निर्म्मल धारा बहती है। फलवान् वृक्ष ही सुन्दर फल प्रदान करते हैं। जिस उद्देश के लक्ष्य को स्थिर करके कोई काम किया जायगा और यदि वह (लक्ष्य) उच्च और पवित्र होगा तो वह प्रभाव जो ऐसे कर्मों से उत्पन्न होगा पवित्र और उत्तम होगा। अतएव यह उचित है कि, हम जिस काम धन्धे व्यापार नौकरी या खेती में लगें, उसमें पवित्रता का बड़ा विचार रखें। पवित्र जीवन पवित्र कर्मों ही से बना करता है। राजा और रङ्क दोनों ही इस पवित्रता को प्राप्त कर, जन्म सुफल कर सकते हैं। एक विद्वान् का कथन है—"तुम चाहे जैसा और चाहे जहाँ काम करो, परन्तु जो कुछ करो उसे पवित्र और सच्चे हृदय से करो। ऐसा आचरण करने से तुम्हारा नाम प्रशंसा के साथ स्मरण किया जायगा।"

आजकल के उन्नत देशों में भी इस बात का बड़ा ध्यान रखा जाता है। वहाँ पर ऐसी शिक्षा दी जाती है कि विद्यार्थियों की विद्या और बुद्धि की उन्नति के साथ साथ नैतिक उन्नति भी हो। ऐसे ही युवक अपने जीवन को सत्कर्म्मों में व्यतीत कर सकते हैं। भारत में विद्यार्थियों के सदाचार की शिक्षा बिलकुल ही नहीं दी जाती। इसीसे जैसे वे अपने धम्म कर्म्म में कोरे रहते हैं, वैसे ही वे

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

पुरुष में देखा गया है, जिसके कारण ही एक बड़ा राजनीति विशारद भी अपने देश वासियों पर बोल कर कुछ प्रभाव डाल सकता था और दिखला सकता था कि, इन दोनों गुणों के होने से वह क्या कर सकता है। इस बात की आवश्यकता ने उन्हें वक्ता बना दिया।

डिमास्थनीज़ ने कहा है कि, वक्तृत्व का तत्त्व क्रिया है। यहाँ क्रिया शब्द का अर्थ संकुचित अर्थ में नहीं, किन्तु व्यापक अर्थ में है। उसने फिर भी कहा है कि व्याख्यान देने में मुख्य वस्तु क्रिया है। यूनान देश के बड़े बड़े विद्वानों ने वक्तृत्व की यही परिभाषा की है। यह आश्चर्य की बात है कि, यह परिभाषा आजकल भी की जाय। आजकल के एक सुवक्ता ने भी कहा है—"वक्ता का मुख्य कार्य्य या प्रयोजन क्रिया है। वक्ता का बड़ा काम केवल शिक्षा देना या खुश करना ही नहीं है, किन्तु श्रोताओं को अपने विषय की ओर खींचकर विश्वास दिलाना है। मिस्टर ग्लैडस्टोन ने इस विषय में यह कहा है कि, वक्तृत्व, तर्कनाशक्ति और मनोविकार का मेल जोल है। उनकी इस बात का समर्थन उनकी जीवनी लिखने वाले मिस्टर जॉन मार्ले ने भी किया है।

मिस्टर ग्लैडस्टोन ने अपनी होमरिक स्टडीज़ (Homeric Studies) नामक पुस्तक में लिखा है कि, वक्ता का काम आरम्भ ही से पूरी तरह पर अभ्यास से मिला हुआ है। वक्ता का काम यह है कि, जो सोता उसके श्रोताओं की मण्डली के हृदय में बनाता हो, उस शक्ति ही में अपनी वक्तृता को ढाल देवे। इस बात को इस तरह भी कह सकते हैं कि, वक्ता जिन श्रोताओं से भाप रूप में कुछ सहायता लेता है, उसको वह फिर बाढ़ प्रवाह रूप में उन्हीं श्रोताओं में लौटा देता है। सहानुभूति तथा दोनों की

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

ही चाहिये था और जो अधर्मियों का साथ देता है। उसका भी नाश होता है। इसलिये दुर्योधन की दुष्टता का फल कुरुओं को भोगना पड़ा। महाभारत युद्ध को हुए ५००० वर्ष से अधिक समय हो गया, परन्तु हमारे क्षत्रियवर्ग में आज तक दुर्योधन जैसे दुर्बुद्धि लोग पैदा होकर जीते हैं जो ईर्ष्या, द्वेष और परस्पर के विरोध से अपना सर्वनाश कर रहे हैं। हम नहीं जानते कि कुलद्रोही इस हीनावस्था को पहुँचकर भी और क्या चाहते हैं। ये अपने दुष्कर्मों से क्षत्रिय वर्ग को रसातल को पहुँचाकर भी क्यों सन्तुष्ट नहीं होते? हे ईश्वर! क्या आप क्षत्रिय वर्ग के अस्तित्व ही को भूतल से नष्ट किया चाहते हैं? क्यों उनको सुबुद्धि नहीं देते?

कोई कोई लोग महाभारत युद्ध का कलङ्क श्रीकृष्णचन्द्र पर भी लगाते हैं और कहते हैं कि अगर श्रीकृष्णचन्द्र जी पाण्डवों को युद्ध के लिये उत्तेजित न करते तो युद्ध न होता। हम अपने इस लेख में यह भी दिखलाना चाहते हैं कि श्रीकृष्णचन्द्र जी ने कौरवों और पाण्डवों में मेल कराने का बहुत यत्न किया था परन्तु दुर्योधन ने किसी की बात नहीं मानी और अपने हठ पर दृढ़ रह कर, अपना और सम्पूर्ण भारतवर्ष का नाश किया। आज भी जो लोग दुर्योधन की चाल पर चलते हैं, उनको समझना चाहिये कि, आपकी इस चाल से आपका और आपके भाई बन्धु दोनों ही का नाश होगा। उनको दुर्योधन की कुचाल का चित्रपट देख कर कदाचित् कुछ संतोष हो, इस अभिप्राय से आगे हम दुर्योधन की और दुराग्रह की बातें लिखते हैं।

जब पाण्डव १२ वर्ष वनवास और एक वर्ष तक गुप्तवास कर चुके, तब दूत द्वारा अपना राज्य लौटाने का दुर्योधन के पास समाचार भेजा। परन्तु दुर्योधन ने उनका राज्य लौटाना अस्वीकार किया। धर्मराज युधिष्ठिर ने तो यहां तक धृतराष्ट्र से कह

[illegible] एक गाँव
[illegible] ने कह दिया था कि हमारे [illegible] पाण्डव
[illegible] तो भी हमको स्वीकार है। परन्तु जो पाण्डव
[illegible] राज्य के अधिकारी थे उनको एक गाँव तक दुर्योधन ने देना
स्वीकार न किया। प्रत्युत श्रीकृष्णचन्द्र को उत्तर दिया था कि मैं
सुई की नोक के बराबर भी भूमि पाण्डवों को न दूँगा।

जब दुर्योधन ने, यहाँ तक अधर्म पर कमर बाँधी, तब [illegible] [illegible] ने समझा था कि पाण्डव बलात् अपना राज्य न लेंगे और [illegible] हस्तिनापुर के [illegible] युद्ध न होगा? [illegible] दुर्योधन [illegible] तब [illegible] और उनके बाद [illegible] हस्तिनापुर गये। [illegible] श्रीकृष्णचन्द्र जी सन्धि करने के लिये हस्तिनापुर [illegible] कहा था कि हस्तिनापुर पहुँचने पर महात्मा विदुर जी ने उनसे कहा था कि आपके यहाँ आने [illegible] है कि आपके [illegible] [illegible] दुर्योधन के [illegible] के लिये [illegible] [illegible] नहीं [illegible]। उनके लड़ने के लिये [illegible] और [illegible] [illegible] और [illegible] [illegible] हैं कि आपके [illegible] युधिष्ठिर के [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है कि [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] विदुर [illegible] [illegible] है। [illegible]

जिससे तुम्हारे वंश में बट्टा लगे। तुमको उचित नहीं कि, मूर्ख और नीच लोगों का सा व्यवहार करो। इस समय जिस मार्ग पर चल रहे हो वह अधर्म और पाप बढ़ाने वाला मार्ग है। देखो, तुम्हारे दुराग्रह से कितने प्राणियों का नाश होगा। तुमको वही काम करना चाहिये जिससे तुम्हारी और तुम्हारे भाई बन्धुओं की और मित्रों की भलाई हो। पाण्डुपुत्र बड़े सज्जन, धर्मात्मा, विद्वान् और वीर हैं। तुम्हारे पिता, पितामह, भीष्म, गुरु, द्रोण और अन्य गुरुजनों की इच्छा है कि, उनसे सन्धि हो जाय। इसलिये हे मित्र! तुम्हारा कल्याण इसी में है कि, उनसे सन्धि कर लो। जो अपने मित्रों की उचित सम्मति को नहीं मानता, उसका कभी भला नहीं होता और अन्त में उसको पछताना पड़ता है। तुम्हें उचित है कि, तुम अपने भाइयों और मित्रों पर दया करो और अपने पिता की आज्ञा को मानो। स्मरण रखो कि स्वार्थी विश्वासघाती और प्रशंसक और दुष्ट मित्रों की सम्मति पर चलने वाला दुःख उठाता है। पाण्डवों के साथ मित्रता रखने में सर्वथा लाभ है। देखो, तुमने कितनी बार उनको सताया, परन्तु उन्होंने तुम पर कभी हाथ नहीं उठाया और न कभी तुमसे बदला लेने की इच्छा प्रकट की। तुम जानते हो कि, धनुर्विद्या में अर्जुन अद्वितीय है। तुम्हारी सेना में उसका सामना कोई नहीं कर सकता। हे राज-कुमार! तुमको उचित है कि, तुम अपने भाइयों और मित्रों पर दया करो। तुम्हें अपनी प्रजा पर दया करनी चाहिये। नहीं तो युद्ध में सब का नाश हो जायगा और लोग यही कहेंगे कि, दुर्योधन ने अपने कुल का नाश करा दिया। पाण्डव इस बात पर सहमत हैं कि, धृतराष्ट्र को अपना सम्राट स्वीकार करें और तुमको युवराज मानें, किन्तु इसी शर्त पर कि तुम उनका आधा राज्य दे दो। हे दुर्योधन! इस अवसर को उत्तम समझ और पाण्डवों

मैंने सबके सुख और दुःख जान लिये। विदुर, भीष्म, द्रोण आदि सभी ने बार बार उसको बड़े बड़े दुःख भरे शब्दों में समझाया था, परन्तु दुर्योधन पर किसी के कहने का असर न पड़ा। वह बोला, हे महाराज! मैंने आपके वचन सुने। पर ये ठीक न था कि जिस समय आप मुझसे ऐसी बातचीत करें। मैं नहीं समझता कि आपको मुझ में ऐसे दोष क्यों दिखाई देते हैं और पाण्डवों के सब कामों की क्यों आप प्रशंसा करते हैं। आप विदुरजी की शिक्षा और गुरुजी की और पितामह की बातें मैं सुनता हूँ; परन्तु मुझे तो अपने में कोई दोष नहीं दिखाई देता। डर के तो मैं इन्द्र के सम्मुख भी सिर न झुकाऊँ। कहिए, ऐसा डर किस बात का? यदि मैं लड़ाई में मारा गया, तो मैं स्वर्ग को जाऊँगा। क्षत्रिय लोगों का महान् काम यही है कि युद्धभूमि में शत्रुओं पर टूटें। मेरे पिता ने मेरे बचपन में उनको आधा राज्य दे दिया था, किन्तु अब मैं इस बात पर राजी हो नहीं सकता कि उनको राज्य का कुछ भी भाग दिया जाय। जब तक मेरे शरीर में प्राण हैं मैं उनको सुई की नोक के बराबर भी भूमि न दूँगा।

दुर्योधन की बात सुनकर धृतराष्ट्र जी के क्रोध से लाल हो गये और यह कहने लगे कि हे दुर्योधन! क्या तू सचमुच मौत को न्योता दे रहा है? अच्छा, तेरी इच्छा पूरी हो। तू जल्दी ही सब शत्रुओं के हाथ से मारा जायेगा। तेरी इच्छा पूरी होगी और इसके लिये तुझे अधिक प्रतीक्षा न करनी होगी। पाण्डव अपना हक लेने आते हैं। तुमको उनका यह मान देना होगा और उस समय तुम्हें पछताना पड़ेगा। तुमको मैंने सब दुःखों से समझाया, परन्तु तुझ पर किसी के उपदेश का कुछ असर न पड़ा। अब है, इस दुरे

के वश में किये बिना अपने मित्रों और सलाहकारों के अपने वश में किया चाहता है, वह अपना मनोरथ पूर्ण नहीं कर सकता। इसलिये पहिला कर्तव्य यह होना चाहिये कि, मनुष्य अपने मन पर अधिकार करे। ऐसे पुरुषों ही को सौभाग्य प्राप्त होता है। इन्द्रियों को चाहिये कि, वे काम क्रोध को जीतें। सांसारिक सुख छोड़ कर भी कोई सुख नहीं प्राप्त कर सकता है। निदान इस प्रकार उपदेश करते हुए गान्धारी ने दुर्योधन को बहुत कुछ ऊँचा नीचा समझाया। कभी उसको अर्जुन और कभी उसको भीम के बल की धमकी से डराया; कभी भीष्म, धृतराष्ट्र और द्रोणाचार्य की अप्रसन्नता का भय दिखाया; कभी धर्मभाव और कभी न्याय और कभी मातृप्रेम के विचार से अपनी बात स्वीकार करानी चाही; परन्तु उसने अपनी माता की भी कोई बात न मानी और क्रोधित हो, उठ कर चला गया और बाहर जाकर श्रीकृष्ण के पकड़ने का अपने मित्रों में विचार किया। राजकुमार सात्यकी को यह विचार विदित हो गया। सो इधर तो उसने अपनी सेना को तैयार रहने की आज्ञा भेज दी और उधर दरबार में पहुँच कर, श्रीकृष्णचन्द्र और उनकी आज्ञा से धृतराष्ट्र को यह समाचार सुनाया। सारा दरबार यह समाचार सुनकर चकित सा रह गया और धृतराष्ट्र लज्जा और क्रोध से कांप उठे और दुर्योधन को बुला कर बहुत धिक्कारा।

श्रीकृष्ण हस्तिनापुर से बिना अपना मनोरथ पूर्ण किये पाण्डवों के पास लौट गये और अब इनके सिवाय कोई बात न रही कि, पाण्डव युद्ध करके दुर्योधन से अपना राज्य लौटावें। निदान पाण्डव सेना लेकर कुरुक्षेत्र के मैदान में जा डटे और फिर जो महाघोर युद्ध हुआ उसमें दुर्योधन अपने सब भाइयों समेत मारा गया और सम्पूर्ण राज्य भोग की अपनी अनुचित इच्छा को पूर्ण न कर सका।

आत्म-सम्मान

आत्म-सम्मान का भाव प्रत्येक मनुष्य में होना आवश्यक है। बिना गुण के प्राप्त हुए मनुष्य मनुष्य ही नहीं बन सकता। अ[illegible] किसी जाति के लोगों में आत्मगौरव का विचार होता है तब ह[illegible] वह जाति उठती है। जो आत्म-गौरव का प्रत्येक समय विचार नहीं रखते हैं वे दूसरों की दृष्टि में तुच्छ समझे जाते हैं। उनका आत्[illegible] सम्मान भी कहीं नहीं होता। ऐसे लोग अध:पतित होते चले जाते हैं। भारतवासी आत्म सम्मान को पहिले ख़ूब समझते थे, यहाँ तक कि निज गौरव रक्षा के लिये वे प्राण दे देना भी हँसी खेल समझते थे। हमारे देश के प्राचीन इतिहासों में ऐसे हज़ारों दृष्टान्त मौजूद हैं। श्रीरामचन्द्र ने जटायु से स्वर्ग-गमन के समय कहा था—

> "सीता हरन तात जनि, कहहु पिता सन जाइ।
> जो मैं राम तो कुल सहित, कहहि दशानन आइ॥"

इस वचन में आत्म-गौरव और पौरुष का कैसा भाव दरसता है!

परन्तु आज कल हमारी विपरीत दशा है। जो लोग आत्म-गौरव की रक्षा का प्रयत्न करना तो क्या, आत्म-सम्मान ही को नहीं समझते, उनका सर्वत्र अपमान होता है। उदर पोषण के लिये नीच से नीच और निन्द्य कार्य करने पर भी, आत्म-सम्मान-शून्य लोग उतारू हो जाते हैं।

जिस आदमी में आत्म गौरव का विचार नहीं होता उसके पड़ोसी उसको कुछ नहीं समझते। इसी प्रकार जिस जाति में

गौरव लुप्त हो जाता है उसे और जातियाँ नीच दृष्टि से
खती हैं। आर्य्य-सन्तान में से इस गुण का ह्रास होना
मान विदेशियों के शासन से आरम्भ हुआ है और अब तो
ाति की बड़ी हीन दशा है। सैकड़ों वर्ष के दासत्व ने इस
के मन में आत्म-प्रतिष्ठा के उच्च भाव को खो दिया है।
सम्मान का भाव उन्हीं में होता है जिनमें आत्मिकबल,
र्य और उत्साह होता है। जिनमें आत्म-सम्मान का भाव
ा है, वे निरुत्साह और पुरुषार्थ-हीन आर्य्य जाति की भाँति
ी हीनता की बात जैसे—

"कोउ नृप होय हमें का हानी। चेरी छोड़ि न होवैं रानी॥"

ही करते। भारतवासी धर्म्म धर्म्म तो बहुत चिल्लाया करते हैं,
न्तु वास्तव में इनमें बहुत कम लोग धर्म्म पर आरूढ़ हैं यदि
र्म्मानुसार इनका व्यौहार होता तो ये ऐसे निर्जीव और पौरुषहीन
र हो जाते। मुसलमानों का अपने मत पर केवल दृढ़ विश्वास है
इसके कारण उनमें अच्छा उत्साह है। वे निज मत सम्बन्धी हीन
त सुनते ही आप से बाहर हो जाते हैं और जातीय मर्य्यादा का
विचार रखते हैं। जहाँ कहीं हिन्दू मुसलमान दोनों में मर्य्यादा व
जातीय गौरव दिखाने का अवसर उपस्थित होता है, वहाँ बहुधा
हिन्दुओं की शिथिलता और मुसलमानों की दृढ़ता दिखाई पड़ती
है। यह आत्म-प्रतिष्ठा ही का विचार था कि अमीर काबुल ने
दिल्ली दरबार में आना लार्ड कर्ज़न के निमन्त्रण पत्र के यथो-
चित रीति से न लिखे जाने के कारण अस्वीकार किया, तथा अमीर
काबुल अब्दुर रहमान खाँ ने होम गवर्नमेंट से कहा था कि हमारे
लिये (His Majesty) शब्दों का प्रयोग किया जाया करे। मुसल-
मानों के आगमन से पहिले हमारे हिन्दू राजाओं में भी ऐसे भाव
थे। महाराणा प्रतापसिंह ने अकबर की अधीनता स्वीकार करना

क्रोध

मनुष्य जितने निन्दनीय कार्य्य और पाप करते हैं, वे सब काम, क्रोध और मोह ही के वशीभूत होके करते हैं। इसलिये कल्याण की कामना रखने वाले मनुष्यों को विचारपूर्वक इन तीनों से सदा अपनी रक्षा करनी चाहिये। जिसने इनका अवरोध कर लिया उसीका इस संसार में कुछ कल्याण हो सकता है, और जो इनकेवशीभूत हो गया, उसके नष्ट भ्रष्ट होने में देर नहीं लगती। इस निबन्ध में काम और मोह के विषय में कुछ न लिख कर, केवल क्रोध ही के विषय में लिखा जाता है।

क्रोध करने से कुछ लाभ नहीं होता, किन्तु हानि होती है। क्रोध से स्वास्थ्य को बड़ी हानि पहुँचती है। इसके विरुद्ध प्रसन्न रहने से स्वास्थ्य को लाभ पहुँचता है। तुमने देखा होगा कि, क्रोधी मनुष्य बहुधा दुबले पतले और सूखे साखे शरीर वाले हुआ करते हैं। क्रोध निर्बल मनुष्य ही पर अपना अधिकार प्रायः जमाता है। जिसमें सहनशक्ति नहीं है, वह क्रोध में भर आपे से बाहर हो जाता है और जो धीर गम्भीर होता है उसको छोटी छोटी बातों पर कभी क्रोध नहीं आता। जिनके शरीर में बल है, मस्तिष्क में शक्ति है, वह छोटी छोटी बातों पर न कभी झुँझलाते हैं और न क्रोध करते हैं। जिसमें क्रोध अधिक होता है, वह क्रोध से अपनी ही हानि करता है। क्रोधी मनुष्य क्रोध के कारण सब को अपना शत्रु बना लेता है और उसे निरन्तर हानियाँ सहनी पड़ती हैं वास्तव में ईश्वर क्रोधी स्वभाव उसीको देता है जो पापी हैं। संसार में जो सदैव हंसी खुशी से रहता है, सुखमय जीवन उसीका है और संसार का सुख वही भोग सकता है। जो ईर्ष्या द्वेष और क्रोध से जला करता है, वह अपने दुस्स्वभाव का आपही

दण्ड भोगता है। स्त्री हो या पुरुष, क्रोध दोनों के लिये हानिकारी है। "हउवाइस टु विमन" का लेखक जो कि, एक अनुभवी डाक्टर है, लिखता है कि, दुस्स्वभाव और क्रोध से पुरुष की तो पाचन शक्ति बिगड़ जाती है, और सिर में पीड़ा होने लगती है; पर स्त्रियों के स्तन का दुग्ध विषमय होकर, वह दूध बच्चे को बड़ी हानि पहुँचाता है। जो पुरुष या स्त्री स्वास्थ्य की कामना करते हों, उन्हें उचित है कि वे क्रोध और शोक को परित्याग करें। जो मनुष्य अधिक प्रसन्न-चित्त रहता है, वह दीर्घजीवी होता है। एक विद्वान् ने तो यहाँ तक लिखा है कि हँसी से बढ़ कर संसार में स्वास्थ्य को लाभ पहुँचाने वाली दूसरी कोई वस्तु है ही नहीं।

तमोगुणी प्रकृति वाले पुरुष ही क्रोध बहुधा किया करते हैं। जो पुरुष सतोगुणी होते हैं, वे उदारहृदय, क्षमा और दया के निकेतन होते हैं। उच्च-अभिलाषा रखने वाले पुरुष को नीच क्रोध के वशीभूत हो, नीच श्रेणी के मनुष्यों में अपनी गणना न करनी चाहिये। क्रोधी पुरुष, क्रोध के शान्त होने पर स्वयं लज्जित होता है। साथ ही यदि कहीं क्रोध के आवेश में कोई अनकरना काम हो गया, तो अपनी इस करतूत का खेद और पश्चात्ताप उसे आजन्म बना रहता है। जब कोई निम्न श्रेणी का मनुष्य क्रोध करता है, तब सब लोग उसका उपहास करते हैं और ऐसे मनुष्य को उसकी करतूत का फल भी बहुधा तुरन्त ही मिल जाता है। कोई मनुष्य तो अकारण ही क्रोध में भर जाते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि उन्हें थोड़ी देर बाद ही अपनी करतूत पर हाथ मल कर पछताना भी पड़ता है। अतएव परिणामदर्शी मनुष्य को बिना समझे बूझे कभी क्रोध न करना चाहिये। मनुष्य में थोड़ा या बहुत क्रोध का होना स्वाभाविक बात है, परन्तु जहाँ तक मनुष्य से हो सके क्रोध की मात्रा घटावे। उचित कारण उपस्थित होने

पर सभी को क्रोध आता है, पर दिन भर बैठे बैठे क्रोध की आँच में झुलसना ठीक नहीं। कोई कोई निष्कारण क्रोध कर दूसरों पर अपना रोब दाब जमाया करते हैं। यह टेव बड़ी बुरी है। हाँ, बड़े आदमियों के लिये इतनी सिधाई भी अच्छी नहीं, जिससे लोग उनसे डरें ही नहीं जिनके हाथ में शासनाधिकार हो, उनको विचार पूर्वक अपनी बुद्धि से काम लेने की बड़ी आवश्यकता है। क्रोधी मनुष्य का किसी को भी विश्वास नहीं होता। कौन जाने क्रोध के आवेश में भर, वह कब क्या कर बैठे? क्रोधी मनुष्य को लोग जनूनी समझ, कभी उस पर, विश्वास नहीं करते। ऐसे के साथ लोग सम्बन्ध तक रखना बुरा समझते हैं। व्यवसायी मनुष्य को तो क्रोध कभी न करना चाहिये। जो हँसमुख और सरल स्वभाव के होते हैं, उनके पास लोग अपने आप आते हैं और उनके साधारण दोषों पर कोई ध्यान नहीं देता। व्यवसाय में क्रोधी पुरुष बहुत कम सफल होते हैं। क्रोधी पुरुष न तो धन ही उपार्जन कर सकता है और न उसकी लोगों में प्रतिष्ठा ही होती है। जो दूसरों की सेवा में निरत है उसे तो क्रोधी होना ही न चाहिये। क्रोधी नौकर न तो अपने मालिक को प्रसन्न रख सकता है और न अपने साथियों के साथ हेलमेल पूर्वक रह ही सकता है। मालिक के किसी अनुचित बर्ताव पर यदि नौकर को कभी क्रोध आवे, तो उसे अपने क्रोध को दबाना चाहिये। पीछे से सब बातों पर विचार कर वह जो कुछ उचित समझे करे। जिस समय क्रोध आवे, उस समय कुछ देर के लिये मुखित हो जाना चाहिये। कुछ लोगों ने क्रोध आने पर उलटी गिनती गिनने का परामर्श दिया है, जिससे क्रोधी मनुष्य का ध्यान दूसरी ओर बट जाय। ऐसा करने से थोड़ी देर में क्रोध अपने आप शान्त हो जायगा। किसी किसी महात्मा ने क्रोध को पाप का मूल बतलाया है। इसलिये इससे बचना

चाहिये। बड़ों की ओर भी अधिक प्रशंसा उनके शान्त स्वभाव के कारण हो सकती है। यदि किसी से कोई अपराध बन पड़े तो अपराधी को उसका अपराध समझा कर शान्त शब्दों से काम लेना चाहिये। जो ऐसा करते हैं, उनकी बात का प्रभाव सुनने वालों के मन पर चिरस्थाई होता है।

हमारा घर

संसार में अपने घर से बढ़ कर आनन्ददायक और कोई स्थान नहीं है। घर वाले अपने मनभावन बर्ताव तथा सुमधुर भाषण से उस घर को और भी रमणीय और मनोहर बना देते हैं। बच्चों की खिलखिलाहट, वृद्धों की खुरखुरी किन्तु हितकारिणी वाणी, कभी कभी छोटी मोटी बातों पर कुटुम्ब की लड़ाई और फिर प्रेम व मैत्री का हो जाना गार्हस्थ्य जीवन नाटक के अद्भुत दृश्य हैं। जब कभी मनुष्य अपने कुटुम्ब में मिल कर घर में बैठता है, उस समय एक अद्भुत आनन्द का अनुभव होता है। उन लोगों के आनन्दमय वार्त्तालाप से चित्त की चिन्ता मिट जाती है, मन प्रसन्न होता है। अपने घर के भीतर बैठ कर गृहस्थी का आनन्द भोगना, भाग्यवान् ही के भाग्य में बदा होता है। वे पुरुष धन्य हैं जो अपने कर्त्तव्यों को करते हुए घर में बैठे हुए हँसी खुशी से दिन बिताते हैं।

घर का आनन्द स्वजनों के आनन्दित रहने और प्रेम रखने ही में है। प्रेम ही गार्हस्थ्य जीवन का प्राण स्वरूप है। जिस घर में प्रेम का राज्य है वह घर धन्य है। घर को भला बुरा बना देना बहुत कुछ गृहिणी पर निर्भर है। कर्कशा पत्नी भाई से भाई को लड़ा देती है, घर में फूट का बीज बो देती है। माई सी वस्तु

में कलत्र व बन्धु बान्धव मिल सकते हैं, परन्तु ऐसा देश दृष्टि नहीं आता कि, जहाँ सहोदर भ्राता मिल जाय।

"देशे देशे कलत्राणि देशे देशे च बान्धवः।
तत्तु देशं न पश्यामि यत्र भ्राता सहोदरः॥"

बाल बच्चे ही हमारे घर के प्रथम भूषण हैं। जिस घर में बालक नहीं होते, वह घर भी सूखे हुए बगीचे के समान है। कवियों इस विषय पर बहुत कुछ कह डाला है। माता पिता पालन पोषण में बड़ा श्रम और दुःख उठाते हैं, भोली हँसी उन सब दुःखों को दूर कर देती है। आनन्द के भी आनन्द हैं। विपत्ति और दुःख में भी को इनसे बहुत कुछ धैर्य और शान्ति होती है। शकुन्तला में राजा दुष्यन्त से कहा है, यदि शरीर बिगाड़ कर और निकट आकर पिता के इससे अधिक और सुख नहीं होता है। गले से लगाने से पिता को जैसा सुख नुभव और किसी तरह से नहीं होता। सुखानुभव होता है, वैसा सुखानुभव पुरुष जब परदेश से लौटता है, तब सिर चूमकर परमानन्द प्राप्त करता है। आनन्द दायिनी होती है। सन्तान को उसको शिक्षित और विद्वान् बनाओ। के सुधारने में बड़ी सहायक होगी।

अपने घरों को गार्हस्थ्य-जीवन देवी की उपासना की है—" Ignorance costs mor- अज्ञानता के कारण हमें जितना

के लिये नहीं होता। किसी घर में अँधेरा होने के कारण, दस बीस आदमी बिना आपस में टकराये और गिरे पड़े सुगमता से नहीं चल सकते। ठीक उस प्रकार हमारे घरों में जब तक अविद्या का अन्धकार छाया हुआ रहता है, तब तक हम आपस में लड़ते ही भिड़ते रहते हैं। इसलिये अपने घरों में विद्या का प्रकाश करना बड़ा आवश्यक है। विद्या द्वारा हम सब अपने कर्त्तव्य में प्रवृत्त रहेंगे और हमारे घरों में कलह और अशान्ति का ह्रास होगा। तब भाई भाई को जानेंगे, माता पिता सन्तानों से पूजित होंगे, दिवरानी और जिठानी मिलजुल कर घर में रहेंगी, अपनी सन्तान का अच्छी तरह पालन पोषण करके उन्हें अच्छी आदर्श सन्तान बनावेंगी। तब यह समझ आवेगा कि स्त्रियाँ वास्तविक भार्या कहलाने योग्य होंगी। नीतिशास्त्र में कहा है कि जो गृहकार्यों में दक्ष है, वही भार्या है। पुरुषों की स्त्री अर्द्धाङ्गिनी है। भार्या ही धर्म, अर्थ और काम, इन तीन वर्गों की जड़ है। जिसके भार्या है, वही गृहपाली है। जब भगवान् हमारे घरों में ऐसे ही दृश्य दिखावेंगे, तब ही हम कहेंगे कि हमारा भी घर है।

महानुभावता और सभ्यता

मनुष्य के लिये इन दोनों गुणों की बड़ी आवश्यकता है। जैसे दो पंखों के बल हम निर्विघ्न चले जाते हैं, उसी तरह संसार के व्यवहार में विचरने के लिये दोनों हमारे पक्ष तुल्य हैं। इनके द्वारा संसार-यात्रा आनन्द के साथ समाप्त होती है। एक अङ्गरेज़ विद्वान् का कथन है कि महानुभाव पुरुषों से संसार का बड़ा उपकार होता है। ऐसे पुरुषों के सौजन्य और आचरणों का सर्वसाधारण पर बहुत उत्तम प्रभाव पड़ता है। न जाने [illegible] ऐसे

सौजन्यशील महानुभावों के चरित्रों और उपदेशों से सुधर जाते हैं। मनुष्य की इन्द्रियाँ बड़ी चञ्चल हैं। वे उसे सदैव कुमार्ग की ओर ले जाने को सन्नद्ध रहा करती हैं। इन्द्रियों को रोक कर उनसे ठीक ठीक काम लेना महानुभावता और सभ्यता का उपक्रम है। यदि सभ्य और महानुभाव बनना चाहते हो तो अपने शरीर और उसके अवयवों पर विशेष ध्यान रखो। किसी विद्वान् ने लिखा है—"हमारा शरीर एक पवित्र मन्दिर के समान है जिसमें अविनाशी पवित्र जीव, जिसका विधाता परमेश्वर है, विराज रहा है।" इस शरीर द्वारा जो कुछ भला बुरा कर्म होता है उसका यथोचित फल जीव इस लोक तथा परलोक में भोगता है। प्रत्येक मनुष्य को यह बात अपने हृदय में अङ्कित कर लेनी चाहिये इस विचार से उसकी बहुत कुछ भलाई हो सकती है। जितना हम शरीर के गौरव और उसकी क्षमता को समझेंगे और उसको पवित्र रखेंगे, उतने ही हमारे विचार उत्तम होंगे और हम श्रेष्ठ कार्य्य कर सकेंगे।

शास्त्रोक्त वचन है कि मनुष्य जिसका मन से ध्यान करता है, उसीको वाणी से बोलता है। जिसको वाणी से बोलता है उसको कर्म्म से करता है और जिसको कर्म्म से करता है, उसी को प्राप्त होता है। सो बुरे विचारों और कुकर्मों का मन में विचार भी न करो। यदि ध्यान में किसी तरह से कोई बुरी बात आ जाय, तो उसको वाणी से न कहो। बुरे कर्म्म से सदैव डरो। कुसङ्गति से भी मनुष्य बुरे कर्म्म करने लगता है। इसके द्वारा अच्छे अच्छे जीव भी दुष्टात्मा हो जाते हैं। कुसङ्गति मनुष्य को नीचे की ओर ले जाती है। कुसङ्गति से बचकर सज्जन पुरुषों और सद्ग्रन्थों की सङ्गति करनी चाहिये। अच्छी अच्छी पुस्तकों को पढ़ने से अभीष्ट बातों की जानकारी होती है और अच्छी शिक्षा मिलती है। पुस्तकों का पढ़ना भी मनुष्य को महानुभाव और सभ्य बनाने में बहुत कुछ

सहायता देता है। यदि किसी तरह उत्तम विचार हमारे चित्त में आने लगें, तो बुरे कर्म हम से न हो सकेंगे।

एक महात्मा का कथन है कि, जैसे तुम्हारे विचार होंगे वैसे ही तुम हो जाओगे। यदि तुम्हारे विचार वास्तव में ठीक और सच्चे हैं, तो तुम्हारे वचन और कर्म भी, जिनका मूल कारण विचार है, सच्चे होंगे। वह मनुष्य जिसके विचार सच्चे हैं अपने जीवन के सब कामों में सच्चा होगा। ऐसा मनुष्य इस संसार में प्रशंसा-योग्य और धर्मात्मा है। महानुभावता के विचार रखने से मन में शान्ति और सन्तोष रहता है, उदारता का जन्म होता है, जिससे सारा संसार अपना घर सा देख पड़ता है। युवावस्था आने के समय महानुभावता बड़े बड़े भयानक पापों से बचाती है। महानुभावता जवानी के तूफ़ान से बचाने को छत्र रूप है। इससे यौवन काल में इस गुण को अवश्य अपने पास रखे। चाहे पुरुष युवा भी हो, धनाढ्य भी हो और शिक्षित भी हो, परन्तु बिना महानुभावता और सभ्यता के अमान्य है।

अब रही सभ्यता की बात। उसके विषय में यही कहना है कि वह महानुभावता के सङ्ग की सहेली है। जहाँ महानुभावता होगी वहाँ सभ्यता भी आ पहुँचेगी। सभ्यता हमारे लिये इतनी आवश्यक है कि, इससे हमें प्रतिदिन और प्रतिक्षण काम पड़ता रहता है। एक महात्मा का मत है कि, जो मनुष्य अपने समाज से अलग रहता है, वह या तो देवता है या पशु; मनुष्यों में उसकी गणना नहीं है। सभ्यता का यथार्थ अर्थ यह है कि, हमारे व्यवहार और आचरण ऐसे सुधरे हुए हों जिससे हम स्वयं लाभ उठाते हुए अपने समाज को लाभ पहुँचावें। सद्विचार, प्रेम, सहानुभूति, उदारता व सच्चरित्रता उसके आभ्यन्तरिक गुण हैं। देशभक्ति सभ्यता का फल है। जिस जाति के लोगों में देशभक्ति नहीं है,

वह कभी भी पूरी सभ्यता प्राप्त होने का दावा नहीं कर सकती। ब्रिटेन के पुराने लोगों में न देशभक्ति थी, न सभ्यता थी। उनमें ज्यों ज्यों सभ्यता का विकाश हुआ, त्यों त्यों देशभक्ति उदय हुई।

आजकल बहुत से लोग बाहरी ठाट बाट और चमक दमक ही को सभ्यता माने हुए हैं। सभ्यता बड़ी मूल्यवान् वस्तु है और वह मनुष्य के भीतर ही रहती है, बाहर नहीं रहती। इसीने हमारे शास्त्रों ने भी बाहरी आडम्बर का निरादर किया है और उसको मूर्खों का लक्षण बनाया है। सभ्यता का आचरण वही है जो सब सज्जनों की दृष्टि में अच्छा ज्ञात हो और मानव-समाज जिसको प्रिय समझे। एक अङ्गरेज़ विद्वान् ने लिखा है कि सभ्यता से उग्रता दूर होती है और कला कौशल, विज्ञान, सामाजिक जीवन, राज्यशासन, विद्यानीति और धर्म्म की उन्नति होती है।

एक विद्वान् सभ्यता को तीन भाग में विभाजित करता है—(१) वाणी की सभ्यता, (२) स्वभाव की सभ्यता, (३) आचरण की सभ्यता। इन तीनों बातों पर हमें अवश्य ध्यान देना चाहिये। यदि हमारे विचार और कर्म्म अच्छे और हृदय निर्मल है तो सभ्यता अपने आप प्रफुल्लित होगी। वाह्याडम्बर सभ्यता नहीं है। अङ्गरेज़ों के कपड़े लत्तों की नक्ल को छोड़कर, हमको उनकी सच्ची सभ्यता को ग्रहण करना चाहिये।,जिस सभ्यता से अङ्गरेज़ो ने इतनी उन्नति की है, वह सभ्यता हमारी आराध्य वस्तु होनी चाहिये। सभ्यता के फल-स्वरूप देश- भक्ति जिसको अङ्गरेज़ों ने अपने वक्षस्थल में धारण करने से अपनी जन्मभूमि इङ्गलैण्ड को अमरावती बना दिया और सात समुद्र पर जाकर अपनी विजयपताका (यूनियन जैक) उड़ायी) उसी को हमें प्राप्त करने के लिये अङ्गरेज़ी सभ्यता सीखनी चाहिये। जिससे हम अपनी भारतमाता को सुखी और आनन्दित कर सकें।

अभ्यास के लिये निबन्धों की सूची

नीचे लिखे विषयों पर निबन्ध लिखो—

१—दान।
२—मातृभाषा।
३—उदारता।
४—निर्बलता।
५—वीरता।
६—आनन्द।
७—मृत्यु।
८—प्रतिद्वन्द्विता।
९—अभ्यास।
१०—भूगोल।
११—इतिहास।
१२—व्यवसाय।
१३—हिमालय पर्वत।
१४—नदियों का उपदेश।
१५—नहर।
१६—पशुओं के प्रति निर्दयता।
१७—स्वदेश के प्रति कर्तव्य।
१८—सच्ची स्वदेश-भक्ति।
१९—पाठशाला में शिक्षा।
२०—व्यवसाय और नौकरी।
२१—ग्राम्य जीवन।
२२—पुस्तकालयों से लाभ।
२३—धार्मिक शिक्षा।
२४—यात्रा के सुख दुःख।
२५—वर्षा।
२६—द्यूत-क्रीड़ा से हानियाँ।
२७—समुद्र।
२८—धनी और निर्धन
२९—युद्ध।
३०—सन्तोष।
३१—स्वार्थ-विहीन परमार्थ।
३२—अभिनय या नाटक।
३३—स्वप्न।
३४—त्योहार या पर्व।
३५—अशोक का जीवनचरित्र।
३६—उत्तम देशों का उपाय।
३७—देश की उन्नति के उपाय।
३८—खेल और शिक्षा।
३९—नम्रता और सज्जनता।
४०—महत्त्व क्या कर पड़ता है!
४१—समाचारपत्रों से हानि लाभ।
४२—निद्रा।
४३—कृतज्ञता।
४४—अतिथि-सत्कार।

४५—अभिमान ।
४६—शिष्टता ।
४७—न्याय-प्रियता ।
४८—विचारों की उदारता ।
४९—मत भेद ।
५०—दुराग्रह और कातरता ।
५१—व्यसन ।
५२—बाल्य संस्कार ।
५३—गार्हस्थ्य-जीवन ।
५४—उद्यमशीलता ।
५५—महानुभावता ।
५६—कृतज्ञता और कृतघ्नता ।
५७—चरित्र संगठन ।
५८—परिश्रम ।
५९—शिक्षा और स्वावलम्बन ।
६०—[illegible] ।
६१—विनय ।
६२—[illegible] ।
६३—स्वास्थ्य रक्षा ।
६४—सामाजिक व्यवहार ।
६५—देशाटन ।
६६—विद्या धन का लाभ ।
६७—[illegible] प्रजा का कर्तव्य ।
६८—[illegible] के कर्तव्य ।
६९—[illegible] ।
७०—वृक्षों से लाभ ।
७१—ब्रह्मचर्य ।
७२—ईश्वर महिमा ।
७३—नगर में रहने से हानि और लाभ
७४—उपन्यासों से हानि या लाभ ।
७५—समय का सदुपयोग किस प्रकार करना चाहिये ?
७६—जल वायु का स्वास्थ्य पर प्रभाव कैसे पड़ता है ?
७७—नगरों में उद्यानों की उपयोगिता ।
७८—महारानी विक्टोरिया के राज्यकाल में भारत वासियों को क्या क्या लाभ हुए
७९—हिन्दुओं की बाल [illegible] से हानि लाभ ?
८०—अनिवार्य शिक्षा से हानि लाभ
८१—किसी बड़े नगर में आग [illegible] का दृश्य
८२—किसी समुद्र पर [illegible] का दृश्य ।
८३—प्रकृति का मनुष्य जाति के प्रति उपकार और मनुष्य का उसके प्रति कर्तव्य

८४—क्या भारतवर्ष में खेती के कामों में ढोरों को निकाल कर विलायती यन्त्रों को काम में लाने से विशेष लाभ हो सकता है ?

८५—कहावतों के प्रचार से हानि लाभ।

८६—भूकम्प से हानियाँ और उसकी उत्पत्ति।

८७—अकाल के कष्टों से बचाने के उपाय।

८८—स्वतन्त्रता और उसके उपयुक्तपात्र।

८९—राजा और प्रजा का सम्बन्ध।

९०—न्यायालयों की आवश्यकता।

९१—आपत्तियों से निस्तार पाने के उपाय।

९२—धन जीवों और उनके प्रभुओं का पारस्परिक सम्बन्ध।

९३—इतर जीवों की बुद्धि और परोपकार प्रवृत्ति।

९४—परिवार वालों के प्रति व्यवहार।

९५—अपने बड़ और छोटे के साथ व्यवहार।

९६—परद्रव्य सम्बन्धी न्यायपरता।

९७—परकीय ख्याति सम्बन्धी न्यायपरता।

९८—इङ्गलैण्ड का भारत के प्रति कर्त्तव्य।

९९—आभूषणों के धारण करने से लाभ और उनसे हानियाँ।

१००—शाकाहारी और मांसाहारी।

॥ इति ॥

Printed by Ramzan Ali Shah at the National Press, Allahabad.